उज्जैन
शुक्रवार
20
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-135
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



नोरा के खिलाफ यूपी में फतवा शाही मुफ्ती बोले- 'सरके चुनर' गाना अश्लील; एक्ट्रेस को दर्दनाक दंड मिलेगा
पेज- 8

## नेतन्याहू बोले- जिंदा हूं, हम जीत रहे, ईरान हार रहा

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** मिडिल-ईस्ट में जारी जंग के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी मौत की अफवाहों का खंडन किया।



उन्होंने गुरुवार देर रात प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, मैं जिंदा हूं। नेतन्याहू ने दावा किया कि बीते 20 दिनों में अब ईरान के पास यूरेनियम इनरिच करने या बैलिस्टिक मिसाइलें बनाने की कोई क्षमता नहीं बची है। उन्होंने कहा, ह्महम जीत रहे हैं और ईरान बर्बाद हो रहा है। ईरान के 100 से ज्यादा मिसाइल लॉन्चर तबाह किए। साथ ही हथियार बनाने वाली कई फैक्ट्रियां भी नष्ट किए। उन्होंने आगे कहा, 'हम ईरान पर चौतरफा हमले कर रहे हैं और वह अब दुनिया को ब्लैकमेल नहीं कर सकता है। उसकी लीडरशिप खत्म हो चुकी है।'

## सेंसेक्स 800 अंक चढ़कर 75,000 पर कारोबार कर रहा

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 20 मार्च को तेजी है। सेंसेक्स 800 अंक (1.07%) चढ़कर 75,000 पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी 240 अंक (1.04%) की तेजी है, यह 23,240 पर पहुंच गया है। बैंकिंग-ऑटो शेयर्स में आज सबसे ज्यादा खरीदारी है। पश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच तेल की कीमतों में आई कमी से ग्लोबल मार्केट को राहत मिली है। ब्रेंट क्रूड अब 107 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। भारतीय शेयर बाजार में जून 2024 के बाद की सबसे बड़ी गिरावट देखने के एक दिन बाद 'वैल्यू बाइंग' यानी निचले स्तरों पर खरीदारी देखी जा रही है। वर्नल इक्विनॉक्स की वजह से आज जापान की बाजार बंद है। साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 0.74% चढ़कर 5,806 पर ट्रेड कर रहा है।

## होर्मुज जलडमरूमध्य के पास 22 जहाजों पर सवार 611 भारतीय नाविक सुरक्षित

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत सरकार ने राहत भरी जानकारी देते हुए कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य के पास तैनात 22 भारतीय ध्वज वाले जहाजों पर सवार सभी 611 भारतीय नाविक पूरी तरह सुरक्षित हैं। पोत परिवहन मंत्रालय ने गुरुवार को इस संबंध में विस्तृत जानकारी साझा की और बताया कि क्षेत्र में बीते 24 घंटों के दौरान कोई समुद्री घटना सामने नहीं आई है। मंत्रालय की ओर से आयोजित अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है और सरकार नाविकों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क है।



## सुप्रीम कोर्ट बोला- वनतारा में किसी कानून का उल्लंघन नहीं हुआ

**नई दिल्ली/गांधीनगर।** सुप्रीम कोर्ट ने वनतारा के खिलाफ दायर एक फाउंडेशन की याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि वनतारा में किसी भी तरह के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन नहीं हुआ है। वनतारा के खिलाफ ये याचिका करणार्थम विरम नाम की एक फाउंडेशन ने दायर की थी। याचिका में केंद्र सरकार, केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण और अन्य को निर्देश देने की मांग की गई थी। इसमें वनतारा पर जानवरों से संबंधित कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था। कोर्ट ने पिछले साल इसी तरह की एक पीआईएल खारिज कर दी थी। अदालत ने जस्टिस जे. चेलमेश्वर की अध्यक्षता वाली अपनी विशेष जांच टीम की वनतारा को दी गई क्लीन चिट को स्वीकार कर लिया था।

# मध्यप्रदेश घोटाला प्रदेश बनता जा रहा

## व्यापमं से लेकर महाकाल लोक तक घोटाला करने वाली भाजपा ने अब किया निवेश घोटाला

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल



**निवेश घोटाले की उच्च स्तरीय जाँच कराएँ -कमल नाथ**





भाजपा के राज में मध्य प्रदेश घोटाला प्रदेश बनता जा रहा है। व्यापमं से लेकर महाकाल लोक तक घोटाला करने वाली भाजपा ने अब निवेश घोटाला कर दिखाया है।

विधानसभा में भाजपा सरकार ने लाखों करोड़ रुपये के आंकड़े पेश किए और दावा किया कि प्रदेश में 4.91 लाख करोड़ का निवेश हुआ है और बड़ी संख्या में फैक्ट्रियां चल रही है। इस निवेश से हजारों लोगों को रोजगार मिला है।

लेकिन मीडिया रिपोर्ट बताती है कि जिन फैक्ट्रियों के आधार पर सरकार ने विधानसभा में निवेश के आंकड़े पेश किए हैं, वे फैक्ट्रियां हकीकत में संचालित ही नहीं है। जाहिर है कि प्रदेश सरकार निवेश और रोजगार दोनों के संबंध में भ्रामक आंकड़े विधानसभा में पेश कर रही है।

इस घोटाले से पूरी दुनिया में मध्य प्रदेश की औद्योगिक निवेश की छवि खराब हो रही है और प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं का भविष्य चौपट हो रहा है। मेरी सरकार से माँग कि जनता को भ्रमित करना बंद करें और निवेश घोटाले की उच्च स्तरीय जाँच कराएँ।





हिन्दू नववर्ष एचं चेटी चंड के शुभ अवसर पर तीसरा पंचांग कैलेंडर निःशुल्क अपने हॉकर से प्राप्त करें।

### पेड़ से टकराई बोलेरो, नवरात्रि के पहले दिन कैलादेवी से लौट रहे थे

# पिता, बेटा-बहू और पोती समेत 5 की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› आगरा

आगरा में श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पिता, बेटा, बहू, पोती और नाती शामिल हैं। तीन लोग घायल हैं।

हादसे के बाद गांव वालों ने गाड़ी के शीशे तोड़कर सभी को निकाला। परिवार नवरात्रि के पहले दिन इटावा से राजस्थान के कैलादेवी दर्शन करने गया था। देर रात वहां से लौट रहा था।

गुरुवार रात 11 बजे थाना चित्राहाट क्षेत्र में हादसा हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो का आगे का हिस्सा बुरी तरह पिचक गया। आधी छत उखड़ गई।

मृतकों की पहचान इटावा के इकदिल के गांव नगला वर के रहने वाले कांता प्रसाद (70), उनके बेटे देवेंद्र (35), बहू सीमा (30), पोती आराध्या (3) और गाड़ी चला रहे नाती औरैया थाना क्षेत्र के अजीतमल के गांव प्रतापपुर निवासी ऋषि (20) के रूप में हुई है। घायलों में देवेंद्र का बेटा आदित्य, ऋषभ की पत्नी रश्मि और अवनीश शामिल हैं।



### बोलेरो, कार पेड़ से टकराई तो धमाके जैसी आवाज आई

प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, 'कार पेड़ से टकराने के बाद धमाके जैसी आवाज आई। हम लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। कार के दरवाजे खोलने की कोशिश की गई, लेकिन वे नहीं खुले। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। थोड़ी देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची। फिर कार के दरवाजे तोड़कर सभी को बाहर निकाला गया। इसके बाद घायलों को स्थानीय सीएचसी भेजा गया, जहां डॉक्टर ने 5 लोगों को मृत घोषित कर दिया।

# राष्ट्रपति संत प्रेमानंद से मिलीं हाथ जोड़कर प्रणाम किया

ब्रह्मास्त्र ›› मथुरा



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मथुरा में संत प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की। उन्होंने 25 मिनट तक आध्यात्मिक चर्चा की। राष्ट्रपति शुक्रवार सुबह 7 बजे बारिश के बीच परिवार के साथ प्रेमानंदजी के वृंदावन आश्रम पहुंचीं। राष्ट्रपति ने संत को हाथ जोड़कर प्रणाम किया।

प्रेमानंद जी ने राधे-राधे कहकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। आश्रम में राष्ट्रपति का संतों ने माला-चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया। राष्ट्रपति ने प्रेमानंदजी को जन्मदिन की बधाई दी। प्रेमानंदजी का गुरुवार यानी 19 मार्च को 56वां जन्मदिन था। राष्ट्रपति यूपी के 3 दिन के दौरे पर हैं। गुरुवार सुबह उन्होंने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। इसके बाद शाम को मथुरा पहुंचीं। आज प्रेमानंदजी से मुलाकात के बाद बाबा नीब करौरी महाराज के आश्रम पहुंचेंगी। वहां से रामकृष्ण मिशन हॉस्पिटल जाएंगी और पश्चिमी यूपी की सबसे आधुनिक कैंसर यूनिट का उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का यह मथुरा का दूसरा दौरा है। इससे पहले वह पिछले साल 25 सितंबर को आई थीं। तब बांके बिहारी के दर्शन किए थे।

### उज्जैन के सरकारी कर्मचारियों के लिए खुश खबरी

# तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



उज्जैन जिले के सरकारी कर्मचारियों के लिए यह खुश खबरी ही होगी कि सूबे की मोहन यादव सरकार ने अपने कर्मचारियों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने का ऐलान किया है। इस ऐलान के बाद जिले के कर्मचारियों के चेहरे पर खुशी देखी जा रही है।

कर्मचारियों को 4,185 से लेकर 38,070 रुपए तक एरियर मिलेगा, वहीं उनकी सैलरी में हर महीने 465 से 4,230 रुपए तक की बढ़ोतरी तय मानी जा रही है। राज्य सरकार ने बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता अप्रैल के वेतन के साथ देने का निर्णय लिया है। हालांकि, मुख्यमंत्री के ऐलान के 15 दिन बाद भी वित्त विभाग ने अभी तक इसका आधिकारिक आदेश जारी नहीं किया है, जिससे कर्मचारी और अधिकारी इंतजार में हैं। इस फैसले का लाभ प्रदेश के करीब 12 लाख कर्मचारियों और पेंशनरों को मिलेगा। इनमें लगभग 7.50 लाख कर्मचारी-अधिकारी और 4.50 लाख पेंशनर्स शामिल हैं। बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों को अब 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा, जो पहले 55 प्रतिशत था। पेंशनर्स को भी इसी दर से महंगाई राहत दी जाएगी। इसके दायरे में प्रदेश के 7.50 लाख कर्मचारी-अधिकारी और करीब 4.50 लाख पेंशनर्स आएंगे। सरकार ने एरियर का भुगतान एक साथ करने के बजाय 6 समान किस्तों में मई से शुरू करने का फैसला किया है, जिससे नवंबर 2026 से पहले पूरी राशि दी जा सकेगी। इससे कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से लाभ मिलेगा। हालांकि, पेंशनर्स को इस फैसले में नुकसान उठाना पड़ सकता है। सरकार ने उन्हें जुलाई 2025 से एरियर देने के बजाय 1 जनवरी 2026 से एरियर देने का निर्णय लिया है।

# आरजी-कर रेप पीड़ित की मां को बीजेपी देगी टिकट

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी आरजी कर रेप केस पीड़ित की मां को चुनाव में उम्मीदवार बना सकती है। पीड़ित की मां ने बताया कि उन्हें नॉर्थ 24 परगना की पानीहाटी सीट से उतारा जा सकता है। इसी बीच, भाजपा ने गुरुवार को 112 सीटों पर उम्मीदवारों की दूसरी सूची भी जारी कर दी।

बीजेपी ने भी असम चुनाव के लिए 88 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। सीएम हिमंता बिस्वा सरमा जलुकबाड़ी से छठी बार मैदान में हैं। सरमा 2001 से इस सीट पर जीत रहे हैं। सरमा, कामरूप में नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले वे एक चुनाव रैली भी करेंगे। केरल विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को 37 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इससे पहले 17 मार्च को पार्टी ने 55 उम्मदीवारों के नाम की घोषणा की थी। 9 अप्रैल को होने वाले चुनावों में पार्टी ने अपने किसी भी सांसद को चुनाव मैदान में न उतारने का फैसला किया है।



## खबर एक नजर...

### कल शिविर में होगी हड्डियों के खोखलेपन की निःशुल्क जांच

**उज्जैन।** कल 21 मार्च को बीएमडी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। मक्सी रोड स्थित नर्मदे आयुर्वेद पर सुबह 10 बजे से आयोजित इस शिविर में हड्डियों के खोखले पन की जांच के साथ ही घुटनों का दर्द, ज्वाइंट का दर्द आदि संबंधित जांचें निःशुल्क रूप से होगी। मनीष परमार ने बताया कि शिविर में डॉक्टर प्रज्ञान त्रिपाठी सेवा देंगे। आयोजन श्री धूतपापेश्वर लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है और यह दोपहर 2 बजे तक चलेगा।

### जी हुकुम नहीं बोलने पर युवक को मारने की धमकी

**उज्जैन।** ग्राम पिपलिया मोलू में रहने वाले रोहित पिता श्याम काठा 19 साल को बुधवार-गुरूवार रात गांव में रहने वाले महेन्द्रसिंह ने रोका और कहा कि तू जी हुकुम बोलकर बात नहीं करता है। हमे जी हुकुम और आप कहकर बोला कर, रोहित ने मना किया तो महेन्द्र ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। उन्हेल थाना पुलिस के अनुसार रोहित की शिकायत पर मामले में मारपीट करने और धमकी देने का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

### पिकअप की टक्कर से उज्जैन-देवास मार्ग पर पलटा रिक्शा

**उज्जैन।** ग्राम मेंडकी चक देवास का रहने वाला जगदीश पिता बद्रीलाल कुमावत ई-रिक्शा चलाता है। वह बेटी वंदना के साथ रिक्शा से नरवर आया था। जहां से दोनों वापस अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान उज्जैन-देवास हाईवे पर पीछे से आई लोडिंग पिकअप ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में रिक्शा पलटी खा गया और उसमें सवार चालक जगदीश और उसकी पुत्री वंदना घायल हो गये। टक्कर मारने के बाद चालक पिकअप लेकर भाग निकला। मामले में नरवर थाना पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है। घायल पिता-पुत्र को अमलतास अस्पताल में उपचार के लिये भेजा गया।

### क्षीरसागर एरिना में 5 लाख से बनेगा कुश्ती रिंग, दंगल-कुश्ती हो सकेंगे


**उज्जैन।** शहर के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए बड़ी सौगात के रूप में वार्ड क्रमांक 24 स्थित क्षीरसागर कुश्ती एरिना में आधुनिक कुश्ती रिंग का निर्माण किया जाएगा। इससे पारंपरिक दंगल और आधुनिक मैट कुश्ती दोनों हो सकेंगे। गुरुवार को सांसद अनिल फिरोजिया एवं निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने भूमि पूजन कर इस कार्य की शुरूआत की। यह रिंग नगर निगम अध्यक्ष मद से लगभग 5 लाख रुपए की लागत से तैयार होगी। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष नारायण यादव, जोन अध्यक्ष सुशील श्रीवास, नगर महामंत्री जगदीश पांचाल, मंडल अध्यक्ष विजय चौहान, मंडल महामंत्री विनोदिनी पाटीदार सहित कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे। निर्माण के तहत 4040 फीट के मजबूत ओटले पर कुश्ती रिंग तैयार की जाएगी, जिससे यहां पारंपरिक दंगल और आधुनिक मैट कुश्ती दोनों का आयोजन संभव होगा।


### सोलर पैनल लगाने के नाम पर 1.53 लाख की धोखाधड़ी

**उज्जैन।** मकान पर सोलर पैनल लगाने के नाम पर इंदौर के 2 व्यक्तियों 1.53 लाख की राशि अकाउंट में ट्रांसफर कराने के बाद पैनल नहीं लगाई और ना ही राशि वापस लौटाई। लोन लेकर दी गई राशि वापस नहीं मिलने पर मामला नागझिरी थाने पहुंचा। पुलिस ने मामले में अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज किया है। नागझिरी थाना क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया के पास रहने वाले मुकेश कुमार पिता स्व. बलदेव परिहार 51 वर्ष भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम शिवांश सिटी के पास सिक्युरिटी गार्ड सुपरवाइजर के पद पर पदस्थ है। उनका एक मकान शिवांश सिटी में है। जहां सोलर पैनल लगाने के लिये उन्होने 17 अक्टूबर 2025 को फेसबुक पर सोलर एंड सोलर एनर्जी सोलुशन्स कंपनी का नम्बर देखा।

# गाड़ी चार्ज करते समय रखें सावधानियां






ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विज्ञान व तकनीक सदैव विकास व नवप्रवर्तन की राह को अंगीकार करती रही है। पेट्रोल के घटते भंडार ने दुनिया को ईंधन के नए स्त्रोत के विषय पर सोचने को बाध्य किया और वैज्ञानिको ने बेटरी संचालित गाड़ियों का अविष्कार किया। वायु प्रदूषण की भीषण व गंभीर समस्या से निजात पाने के लिए भी हर देश ने बेटरी संचालित वाहनों को प्रोत्साहित किया। हमारे देश मे भी बेटरी वाली गाड़ियों का प्रचलन बढ़ा और जल्दी ही ये लोगों की पसंद बन गई किन्तु विगत दिनों चार्जिंग के दौरान कुछ दुर्घटनाएं हुईं जो सीधे सीधे सतर्क होने का संकेत देती प्रतीत हुईं आइए जानते हैं शहर के बेटरी व्यवसायी व विशेषज्ञ से कि क्या सावधानियां रखें कि ऐसी आगजनी की दुर्घटनाएं न हों और हम सुरक्षित रहें।



**ईवी चार्जिंग को ही दोष न दें-** अभी हाल ही की इंदौर की हृदय विदारक घटना, जिसमें परिवार के कई सदस्य आग में चल बसे, और उसके पीछे कारण बताया जा रहा है कि एश चार्जिंग से यह हादसा हुआ है।

दोस्तों यहां मैं आपको बताना चाहूंगा कि सामान्यतया सीधे-सीधे एश चार्जिंग पर ही शक जाता है कि गाड़ी में कोई खराबी होगी उसी की वजह से उसमें स्पार्क हुआ है, लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता है, आप सब जानते हैं हमारे यहां का डॉमेस्टिक इलेक्ट्रिक कनेक्शन होता है, उसमें सैंक्शन लोड होता है। अगर सैंक्शन लोड 10 किलो वाट है और आप उस पर एश चार्ज करते हैं तो चूंकि ईवी का चार्जिंग लोड 15 किलो वाट से ऊपर जा सकता है और साथ ही दूसरे डोमेस्टिक अप्लायंस जैसे एसी, गीजर, हीटर इत्यादि चल रहे होते हैं तो कुल मिलाकर घर का जो लोड है वह सैंक्शन लोड से बहुत ऊपर जा चुका रहता है और जो पुरानी वायरिंग है वह इतना भार सहन करने की क्षमता, उसमें नहीं होती है और वह स्पार्क करके जल जाती है, और दुर्घटना घटित हो जाती है। अगर आप नई ईवी लेने का सोच रहे हैं तो उसके लिए सबसे पहले अपने घर का इलेक्ट्रिक लोड जो सैंक्शन है वह बढ़वाएं ,पश्चात पॉइंट घर के बाहर उस जगह लगे जो खुली हवा में हो तथा ज्वलनशील पदार्थ से दूर हो।घर में अग्निशामक यंत्र भी रखें। सावधानी रखें, दुर्घटना टालें। देर तक बेटरी चार्जिंग पर न लगाएं, निर्धारित समय का ध्यान रखें और सुरक्षित रहें।

**राजेश बागरोला, बेटरी विशेषज्ञ व संचालक उज्जैन मोटर्स, मक्सी रोड, उज्जैन।**

# गुड़ी पड़वा पर शिप्रा तट पर आतिशबाजी और ड्रोन शो

### सीएम मोहन यादव ने नैवेद्य लोक का लोकार्पण किया, गायक विशाल मिश्रा ने दी प्रस्तुति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में गुड़ी पड़वा के अवसर पर सुबह हिंदू नववर्ष और विक्रम संवत का आगाज गुरुवार को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ हुआ। सुबह रामघाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे और शिप्रा नदी में स्नान-पूजन कर सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। शाम को ड्रोन शो आतिशबाजी के बाद पार्श्वगायक विशाल मिश्रा ने प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भव्य ड्रोन शो,लेजर शो और आकर्षक आतिशबाजी रही, जिसने शिप्रा तट के आकाश को रोशनी और रंगों से भर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा कार्यक्रम में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ का विक्रम पंचांग 2083, संस्कृति संचालनालय का कला पंचांग,



बिमल कृष्ण दास की 84 महादेव, रामस्वरूप दास की ओरछाधीश,वीर भारत न्यास के महर्षि अत्रि, महर्षि अंगिरा, धनवंतरी, महर्षि अगस्त्य, भरत मुनि के भारत निधि मोनोग्राफ, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ की अष्टावक्र गीता, नारद गीता, ब्राह्मण गीता, गर्भ गीता, उत्तर गीता का विमोचन किया गया। सीएम डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2028 का आयोजन आस्था,आध्यात्म और प्रकृति का अद्भुत समागम होगा। सिंहस्थ 2028 के मुख्य राजसी स्नान और अन्य स्नान शिप्रा के जल से हो यह सुनिश्चित करने के लिए सिलारखेड़ी सेवारखेड़ी परियोजना प्रगतिरत है। वर्तमान के दौर में सोशल मीडिया बहुत महत्वपूर्ण है। सीएम ने कहा कि आज जब दुनिया आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन का उपयोग युद्ध में कर रही है। वहीं ड्रोन तकनीक उज्जैन में देवी-देवताओं की झलक आस्था और संस्कृति का अनूठा संगम प्रस्तुत कर रही है। देर शाम मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नानाखेड़ा क्षेत्र में विकसित 36 दुकानों के कॉम्प्लेक्स नैवेद्य लोक का शुभारंभ किया।

# नानवेज नहीं बनाने पर पत्नी को फोड़ा सिर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पिता के आने पर नानवेज नहीं बनाने की बात पर पति ने पत्नी का सिर फोड़ दिया। बीच-बचाव में सास आई तो उनके साथ भी मारपीट की। मां-बेटी के घायल होने पर आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया।

राज रॉयल कालोनी में रहने वाली मंजूबाई और उसकी मां नागूबाई को गुरूवार शाम उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। दोनों के सिर में गहरी चोंट लगी थी। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया। घायल मंजूबाई ने बताया कि उनके साथ पत्थर से मारपीट पति राकेश द्वारा की गई है। उसका मायका राज रॉयल कालोनी में है। पति आगर का रहने वाला है, पति उज्जैन में रिक्शा चलता है। जिसके चलते पति और चार बच्चों के साथ मां के घर से कुछ दूरी पर किराये से रहती है और घरों में साफ सफाई का काम करती है। बुधवार को भूतडी अमावस्या होने पर ससुर सीताराम आगर से आये थे। इस दौरान पति ने नानवेज बनाने के लिये अमावस्या होने पर उसने मना कर दिया। ससुर शाम को वापस लौट गये। सुबह उन्होने फोन कर राकेश से कहा कि वह आया था, उसका सम्मान नहीं किया और खाना बनाने से मना कर दिया। इसी बात पर शाम को पति शराब पीकर लौटा, वह अपनी मां के घर थी, जहां आकर पति ने अपने पिता के लिये नानवेज नहीं बनाने की बात पर विवाद करते हुए पत्थरों से वार किया, बीच बचाव में मां भी घायल हुई है।

### सिंहस्थ-2028 की तैयारीः बड़े प्रोजेक्ट्स की डेडलाइन तय

# अब हर दिन अहम, देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी : संभागायुक्त आशीष सिंह

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सिंहस्थ-2028 की तैयारियों ने गति पकड़ ली है। संभागायुक्त आशीष सिंह ने गुरुवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक में उज्जैन-इंदौर और उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड मार्गों सहित कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की समय सीमा तय की। अधिकारियों को तय समय में काम पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

संभागायुक्त आशीष सिंह ने स्पष्ट किया कि अब हर दिन की अहमियत है और किसी भी परियोजना में देरी बर्दाश्त



नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की ड्राइंग और डिजाइन प्रक्रिया तुरंत पूरी की जाए और स्ट्रक्चर संबंधी काम शुरू किया जाए।

बैठक में उज्जैन-इंदौर के बीच बन रहे 48 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड मार्ग को 31 अक्टूबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, उज्जैन-जावरा के 98 किलोमीटर ग्रीनफील्ड मार्ग के लिए 30 नवंबर 2027 की समय सीमा निर्धारित की गई है।

इसके अतिरिक्त, सिंहस्थ बायपास, हरी फाटक ब्रिज और मक्सी रोड जैसे अन्य प्रमुख प्रोजेक्ट्स को भी 2027 के मध्य तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। संभागायुक्त ने हरी फाटक ब्रिज में आ रही बाधाओं को तत्काल हटाने का भी आदेश दिया।

यह भी तय किया गया कि 1 अप्रैल से हरी फाटक ब्रिज और उज्जैन-इंदौर ग्रीनफील्ड रोड का काम शुरू होगा। इसके लिए किसानों को मुआवजा वितरण की प्रक्रिया तेज करने पर जोर दिया गया है, ताकि भूमि संबंधी विवाद निर्माण में बाधा न बनें। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य सिंहस्थ-2028 से पहले सभी आवश्यक बुनियादी ढांचा तैयार करना है। अधिकारियों को चेतावनी दी गई है कि तय समय सीमा में काम पूरा करना सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उज्जैन
शुक्रवार
20
मार्च, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### रोबोट के हाथ तोड़े, डिस्प्ले फोड़ी, ट्रैफिक मित्र पर हमला

**इंदौर।** इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र में सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। ब्रिलियंट औरा चौराहे पर लगाए गए ट्रैफिक मित्र रोबोट के साथ अज्ञात बदमाशों ने तोड़फोड़ कर दी, जिससे उसका संचालन बंद हो गया है। पुलिस के मुताबिक एक्रोपालिस कॉलेज के प्रोफेसर और स्टूडेंट्स द्वारा तैयार रोबोट को 10 मार्च 2026 को नगर निगम इंदौर ने ब्रिलयंट ओरा चौराहे पर स्थापित किया था। इसका जल्द ही उद्घाटन होना था, लेकिन 13 मार्च को जानकारी मिली कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने रोबोट को नुकसान पहुंचाया है। कॉलेज के प्रोफेसर इमरान बैग ने बताया कि मौके पर पहुंचकर नगर निगम जोन नंबर 7 के उपयंत्री राकेश शर्मा को जानकारी दी। वहां जाकर देखा मौके पर पाया गया कि रोबोट के हाथ और उसमें लगी डिस्प्ले को तोड़ दिया गया है। बाद में उसे चेक किया तो अंदर से डिवाईस भी गायब मिली। जिसमें पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। फिलहाल मामला जांच में है।

### मंत्रों के बीच अवध लोक पर श्रीराम जन्मोत्सव महायज्ञ

**इंदौर।** इंदौरे दशहरा मैदान स्थित अवधलोक में गुरुवार सुबह 9 दिवसीय श्रीराम जन्मोत्सव का शुभारंभ हुआ। वृंदावन के प्रेम मंदिर की प्रतिकृति में राम दरबार और राधा-कृष्ण की छवयों की स्थापना की गई। दत्त माउली संस्थान के अण्णा महाराज, सांसद शंकर लालवानी, भाजपा के डॉ. निशांत खरे, संघ के रामेश्वर जिला प्रमुख वीरेंद्र गोयल, सेवा भारती के मूलचंद गुर्जर, सामाजिक समरसता के प्रमुख किरण जोशी सहित विहिप एवं संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।

### अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में बनेगा संत-भक्त निवास, हुआ भूमिपूजन

**इंदौर।** इंदौरे श्री अन्नपूर्णा आश्रम मंदिर परिसर में विष्णु-गीता बिंदल चैरिटेबल ट्रस्ट अपने पूर्वजों की स्मृति में 14 हजार वर्गफीट में संत निवास एवं भक्त निवास बनवाएगा। अन्नपूर्णा मंदिर के पीछे बनने वाले इस तीन मंजिला भवन में संतों के निवास के लिए 60 कमरे, एक रसोईघर, एक सभागृह तथा 4 बड़े कक्ष बनाए जाएंगे, जिनमें संतों के साथ आने वाले सहयोगी भी विश्राम कर सकेंगे। गुरुवार को ट्रस्ट के प्रमुख और समाजसेवी विष्णु-गीता बिंदल, हितेश-अर्पिता बिंदल ने भूमिपूजन किया। पूजन विधि पं. कल्याणदत्त शास्त्री ने करवाई। वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं प्रेमचंद गोयल ने बताया भवन का निर्माण एक से डेढ़ वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है। आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि एवं स्वामी जयेंद्रानंद गिरि की मौजूदगी में हुए भूमिपूजन अवसर पर टीकमचंद गर्ग, दिनेश मित्तल, श्याम सिंघल, पवन सिंघानिया, सत्यनारायण शर्मा, सुनील गुप्ता, वजिंदरसिंह छाबड़ा, जगदीश भाई पटेल, निर्मल रामरतन अग्रवाल, किशोर गोयल, विनोद सिंघानिया, भूपेश गुप्ता, गौरव पटेल आदि मौजूद थे।

### भाजपा कार्यालय में हिंदू नववर्ष पर हुआ गुड़ी पूजन

**इंदौर।** हिंदू नववर्ष गुड़ीपड़वां पर गुरुवार को जावरा कंपाउंड स्थित भाजपा कार्यालय पर गुड़ी पूजन हुआ। इसमें कई वरिष्ठ, मंत्री पहुंचे। इस दौरान गुड़ धनिए का वितरण हुआ। मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मधु वर्मा, सुदर्शन गुप्ता के साथ कार्यकताओं ने गुड़ी पूजन किया। गुड़ी पूजन के बाद नेताओं ने एक-दूसरे को श्रीखंड खिलाकर हिंदू नववर्ष की बधाई दी।

---

**इंदौर-दाहोद प्रोजेक्ट : पीथमपुर से धार तक के 38 किलोमीटर में रेलवे करेगा ट्रायल रन**

# 23 से 26 मार्च के बीच होगा ट्रायल

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर-दाहोद प्रोजेक्ट में पीथमपुर से धार के बीच रेलवे काम पूरा कर अब 38 किमी हिस्से में ट्रायल रन करेगा। 23 से 26 मार्च के बीच ट्रैक पर 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से इंजन (टॉवर वैगन) चलाया जाएगा। आजादी के बाद यह पहला मौका होगा, जब इंजन धार तक पहुंचेगा। रेलवे ने ट्रायल रन की तैयारियां पूरी कर ली हैं।

रेलवे के एक अधिकारी ने कहा, पीथमपुर से धार तक का काम रेलवे ने पूरा कर लिया है। अब इस हिस्से में टॉवर वैगन से निरीक्षण किया जाएगा। रेलवे ने आम लोगों से कहा है कि सुबह 9 से रात 9 बजे के बीच स्पीड ट्रायल रन होगा। पीथमपुर से धार के स्टेशनों के बीच कोई भी करीब न जाए, ताकि किसी तरह की दुर्घटना न हो।



**अधूरा कामः** टनल बनी बड़ी चुनौती टिही के आगे टनल का काम अभी भी अधूरा है। इसमें दो-तीन महीने का समय और लगेगा। ऐसे में रेलवे फिलहाल टनल के हिस्से को छोड़कर पीथमपुर से धार तक का बाकी काम पूरा कर रहा है। इस हिस्से में ट्रॉली और ट्रायल किया जाएगा।

**बड़ा सवाल अब भी, ट्रेन कब से चलेंगी?** टिही से धार तक ट्रेन कब से चलेंगी, यह बड़ा सवाल है। हालांकि रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अभी टनल का काम अधूरा है। मई-जून तक उसे पूरा करने का टारगेट है। टनल का काम पूरा होने के बाद ही ट्रेन चलेगी। हालांकि मई-जून तक भी टनल का काम पूरा होगा या नहीं, यह बड़ा सवाल है। रेलवे अधिकारियों का कहना है, टनल का काम काफी चुनौतीपूर्ण है। इसलिए इसमें समय लग रहा है।

**डेडलाइन फरवरी में ही पूरी हो गई-** टिही से धार तक के प्रोजेक्ट की डेडलाइन फरवरी में ही पूरी हो गई है। फरवरी 2026 तक का काम रेलवे को पूरा करना था। हालांकि काम अभी भी पूरा नहीं हुआ है। अब रेलवे ने एक बार फिर इसकी टाइमलाइन बढ़ाई है।

### देरी का खमियाजा : प्रोजेक्ट की लागत 678 करोड़ से बढ़कर 1800 करोड़ रुपए हो गई

टिही के आगे जिस टनल की वजह से लगातार यह प्रोजेक्ट लेट हो रहा है, उसमें बार-बार रेलवे अधिकारी टाइमलाइन बढ़ा रहे हैं। वह टनल मूल प्रोजेक्ट में थी ही नहीं। 2013-14 में टिही के आगे तीन किमी टनल प्रस्तावित कर दी गई। 2017-18 में टनल का काम शुरू हुआ था। कोरोना में इसका कॉन्ट्रैक्ट शॉर्ट टर्मिनेट कर दिया गया। जून 2023 में टनल का काम एक बार फिर शुरू हुआ। देरी के कारण प्रोजेक्ट की लागत तीन गुना से ज्यादा हो गई। जब प्रोजेक्ट मंजूर हुआ था, तब 678.56 करोड़ रुपए लागत थी। जो अब 1800 करोड़ रुपए से ज्यादा हो गई है। प्रोजेक्ट में स्टेशन (टिही से धार तक): इंदौर, राऊ, टिही, पीथमपुर, सागौर, गुणावद, धार स्टेशन इस प्रोजेक्ट में आएंगे।

---

# फ्लैट से नाबालिग के साथ पकड़ाया जोयब

## नर्मदापुरम से लापता थी लड़की, मोबाइल में कई अश्लील वीडियो मिले

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर के एमआईजी इलाके में बुधवार रात एक युवक को नाबालिग लड़की के साथ फ्लैट में पकड़े जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों ने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जांच में पता चला कि लड़की नर्मदापुरम से लापता है, जिसके बाद वहां की पुलिस को सूचना दे दी गई है और टीम इंदौर के लिए रवाना हो चुकी है।

जानकारी के मुताबिक, हिंदूवादी कार्यकर्ता मयंक तोमर को सूचना मिली थी कि एक युवक फर्जी नाम से हिंदू लड़की के साथ फ्लैट में रह रहा है। इसके बाद मयंक अपने साथी अंकित तिवारी के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को पकड़ लिया।



पूछताछ में युवक ने पहले अपना नाम मनोज बताया, लेकिन बाद में उसने खुद को जोयब खान बताया। उसके मोबाइल की जांच करने पर 8-10 युवतियों के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो मिलने का दावा किया गया। इसके बाद उसे एमआईजी थाने ले जाया गया।

घटना के बाद रात में थाने पर हंगामे की स्थिति बनी रही और कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस द्वारा युवक की जानकारी खंगालने पर सामने आया कि वह नर्मदापुरम से नाबालिग लड़की को लेकर इंदौर आया था। एमआईजी थाना प्रभारी सीबी सिंह के अनुसार, लड़की की गुमशुदगी नर्मदापुरम में दर्ज है, इसलिए संबंधित थाने को सूचना दे दी गई है। युवक के मोबाइल से मिले आपत्तिजनक कंटेंट की जानकारी भी वहां की पुलिस को साझा की गई है। आगे की कार्रवाई नर्मदापुरम पुलिस द्वारा की जाएगी।

---

## चैत्र नवरात्र : मंदिरों में घटस्थापना के साथ यज्ञ शुरू

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

नौ दिनी शक्ति की आराधना के पर्व चैत्र नवरात्र की शुरूआत गुरुवार को हो गई। शुक्ल, ब्रह्म और सर्वार्थ सिद्धि के शुभ संयोग में घरों से लेकर मंदिर तक घट स्थापना की गई। इस बार देवी की आराधना पूरे नौ दिन यानी 27 मार्च तक होगी। बिजासन माता, अन्नपूर्णा, श्रीश्री विद्याधाम, ग्वालभैरव मंदिर काली मंदिर विजय नगर और कालिका माता मंदिर खजराना सहित 50 से अधिक मंदिरों में दुर्गा सप्तशती का पाठ, हवन, यज्ञ आदि अनुष्ठान का सिलसिला प्रारंभ हो गया। प्रथम दिन शैलपुत्री की आराधना हुई।

श्री अन्नपूर्णा आश्रम मंदिर परिसर में हवन-पूजन हुआ। महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि एवं स्वामी जयेंद्रानंद गिरि ने विधि कराई। सुबह से देर रात तक कतार में लग हजारों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए। भक्तों को 9 दिन फलाहारी प्रसाद बांटा जाएगा।

जासन माता मंदिर में आराधना नौ रूपों में शुरू हुई। यह एकमात्र मंदिर है जहां मां अंबे की नौ स्वरूपों की मूर्तियां विराजित हैं। जानकारी पुजारी सतीश एवं बनवारीलाल गोस्वामी ने दी।

खजराना स्थित जय महाकाली मंदिर में घटस्थापना के बाद हवन-यज्ञ शुरू हुआ जिसमें मंत्रों के बीच पुजारियों ने आहुतियां दी। मुख्य पुजारी गुलशन अग्रवाल ने बताया नौ दिन तक तंत्र-मंत्र की सिद्धि की जाएगी।

---

**पक्षियों के लिए स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव, डाइट में दे रहे रसीले फल**

# गर्मी में बदला इंदौर जू का मिजाज, शेर-भालू के लिए कुलर

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में गर्मी के साथ ही वन्य प्राणियों की देखभाल भी बढ़ गई है। वन्य प्राणियों को तेज गर्मी से बचाने के लिए उनके पिंजरों के पास कूलर लगाए गए है साथ ही पक्षियों के लिए स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। गर्मी को देखते हुए उनके खाने में भी बदलाव किया गया है। उन्हें स्ट्रेस से बचाने के लिए पानी में भी एंटी स्ट्रेस पाउडर मिलाकर दिया जा रहा है।

शहर में गर्मी का असर देखने को मिलने लगा है। एक तरफ जहां सूरज चढ़ते ही गर्मी का अहसास होने लगता है, वहीं दोपहर तक लोग भी गर्मी से




बचाव में टोपी, गमछा डालकर रोड पर निकलने लगे है। तापमान बढ़ने के साथ ही इंदौर के चिड़ियाघर में वन्य प्राणियों को गर्मी से बचाने के लिए कूलर की व्यवस्था की गई है, ताकि उन्हें गर्मी में राहत मिल सके। चिडियाघर प्रभारी डॉ.उत्तम यादव ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी वन्य प्राणियों को गर्मी से बचाव के लिए व्यवस्था की गई है। टाइगर, लॉयन और लेपर्ड के इन्क्लोजरों में वॉटर बॉडी, शेड ट्री और इनक्लोजर के अंदर पानी की व्यवस्था करना शुरू कर दिया है। जिससे यहां की ग्रीनरी मेनटेन रहती है। हरियाली रहने से जो ठंडा एरिया रहता है, वहां पर इन प्राणियों को आराम करना पसंद होता है, तो ये व्यवस्था भी हमने कर रखी है।

**रात में चालू कर देते है कूलर-** डॉ.यादव के मुताबिक रात में जब इन प्राणियों को पिंजरों में खाना खाने के लिए बंद किया जाता है, तो वहां भी कूलर लगा दिए है। लॉयन, लेपर्ड, टाइगर, भालू के पिंजरों में कूलर लगा दिए है, ताकि रात में भी उन्हें गर्मी का अहसास ना हो। ऐसे करीब 6 कूलर यहां पर लगा रखे है।

**बर्ड हाउस में स्प्रिंकलर की व्यवस्था, शेड भी डाला-** चिड़ियाघर में बने बर्ड हाउस में भी स्प्रिंकलर लगा रखे है। दिन में दो से तीन बार पानी का छिड़काव किया जाता है, ताकि बर्ड हाउस में तापमान मेनटेन रहता है। गर्मी में हिट स्ट्रोक से भी उन्हें राहत मिल जाती है। बर्ड भी गर्मी में नहाना पसंद करते हैं, तो स्प्रिंकलर के माध्यम से पानी भी उन्हें मिल जाता है। न्यू वल्ड मंकी के इनक्लोजरों के दोनों तरफ भी कूलर लगा दिए है, ताकि भी उन्हें गर्मी ना लगे, क्योंकि ये थोड़े सेनसेटिव एनिमल है।

## खबर एक नजर...

### अभा टेपा सम्मेलन : हास्य कवि शंभू शिखर को देंगे सांदीपनि न्यास टेपा सम्मान

**उज्जैन।** अंतरराष्ट्रीय मूर्ख दिवस के अवसर पर1 अप्रैल को 53वें अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन कालिदास अकादमी में आयोजित किया जाएगा। आयोजन में इस वर्ष का सांदीपनि न्यास टेपा सम्मान हास्य कवि शंभू शिखर को प्रदान किया जाएगा। होने वाले कांव-कांव सम्मेलन में बॉलीवुड के हास्य अभिनेता फिल्म धुरंधर फेम राकेश बेदी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। टेपा सम्मेलन के सचिव मनीष शर्मा ने बताया सम्मेलन में देश के कवि अपनी रचनाएं सुनाएंगे। मुंबई के सुभाष काबरा, जयपुर के एकेश पार्थ, कन्नोद की प्रिया खुशबू और धार के लोकेश जडिया को भी विभिन्न स्मृति सम्मानों से नवाजा जाएगा।

### भाजपा के तीन मंडलों के प्रशिक्षण वर्ग में वैचारिक मजबूती पर जोर

**उज्जैन।** भाजपा नगर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत ग्रामीण, महाराजवाड़ा और केशवनगर मंडल में दो दिनी प्रशिक्षण वर्ग का समापन हुआ। मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार कई सत्रों में कार्यकताओं को पार्टी का इतिहास, वैचारिक आधार, केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं, बूथ प्रबंधन और सोशल मीडिया सहित संगठनात्मक विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। समापन सत्र में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि संगठन का विस्तार सत्ता के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना जागृत करने के लिए होता है। नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने प्रशिक्षण को वैचारिक प्रतिबद्धता मजबूत करने वाला बताया।

### विक्रमोत्सव पर रामघाट पर महोत्सव पर व्यवस्था में 150 जवान तैनात किए

**उज्जैन।** विक्रमोत्सव, गुड़ी पड़वा (नव संवत्सर) और उज्जयिनी गौरव दिवस के अवसर पर रामघाट पर महोत्सव मनाया। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग घाटों की ओर पहुंचे। भीड़ और नदी तट की सुरक्षा को देखते हुए शहर के सभी प्रमुख घाटों पर होमगार्ड और एसडीआरएफ के करीब 150 जवान आपदा बचाव उपकरणों के साथ तैनात रहे।

### गुड़ी पड़वा पर शिप्रा तट पर आतिशबाजी और ड्रोन शोः

# सीएम मोहन यादव ने नैवेद्य लोक का लोकार्पण किया, गायक विशाल मिश्रा ने दी शानदार प्रस्तुती





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में गुड़ी पड़वा के अवसर पर सुबह हिंदू नववर्ष और विक्रम संवत का आगाज गुरुवार को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ हुआ। सुबह रामघाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे और शिप्रा नदी में स्नान-पूजन कर सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। शाम को ड्रोन शो आतिशबाजी के बाद पार्श्वगायक विशाल मिश्रा ने प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भव्य ड्रोन शो,लेजर शो और आकर्षक आतिशबाजी रही, जिसने शिप्रा तट के आकाश को रोशनी और रंगों से भर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा कार्यक्रम में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ का विक्रम पंचांग 2083,संस्कृति संचालनालय का कला पंचांग, बिमल कृष्ण दास की 84 महादेव,रामस्वरूप दास की ओरछाधीश,वीर भारत न्यास के महर्षि अत्रि ,महर्षि अंगिरा,धनवंतरी,महर्षि अगस्त्य, भरत मुनि के भारत निधि मोनोग्राफ,महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ की अष्टावक्र गीता,नारद गीता, ब्राह्मण गीता,गर्भ गीता,उत्तर गीता का विमोचन किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2028 का आयोजन आस्था,आध्यात्म और प्रकृति का अद्भुत समागम होगा। सिंहस्थ 2028 के मुख्य राजसी स्नान और अन्य स्नान शिप्रा के जल से हो यह सुनिश्चित करने के लिए सिलारखेड़ी सेवारखेड़ी परियोजना प्रगतिरत है। वर्तमान के दौर में सोशल मीडिया बहुत महत्वपूर्ण है । सीएम ने कहा कि आज जब दुनिया आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रोन का उपयोग युद्ध में कर रही है। ।वहीं ड्रोन तकनीक उज्जैन में देवी-देवताओं की झलक आस्था और संस्कृति का अनूठा संगम प्रस्तुत कर रही है। देर शाम मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नानाखेड़ा क्षेत्र में विकसित 36 दुकानों के कॉम्प्लेक्स ह्यनैवेद्य लोकह्न का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने दुकानों पर आइसक्रीम और गर्म दूध का आनंद भी लिया। साथ ही देवास रोड स्थित करीब 8.30 करोड़ रुपए की लागत से बने अंतरराष्ट्रीय स्तर के तरणताल का लोकार्पण किया।

## जिले में 15% गेहूं की कटाई, स्ट्रॉ रीपर का कम हुआ उपयोग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जिले में इस बार नरवाई (गेहूं कटाई के बाद बचने वाले अवशेष या पराली) के प्रबंधन के लिए कृषि कल्याण विभाग और राजस्व के अफसरों ने लगातार बैठकें लीं। इसमें हार्वेस्टर मशीन संचालकों और किसानों को स्पष्ट रूप से समझाते हुए चेतावनी तक दी कि फसल कटाई में कंबाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ रीपर का उपयोग करें। इससे भूसा निकलेगा और नरवाई खेतों में नहीं रहेगी। न ही जलाने की जरूरत पड़ेगी ।

बैठकों में इन कवायदों के बाद अफसरों के दावे हैं कि इस बार नरवाई नहीं जलेगी। इन तमाम प्रयास व दावों के बीच जिले में जिले में करीब 15 फीसदी गेहूं की कटाई हो चुकी है। इसमें स्ट्रा रीपर का उपयोग नहीं होने से फिलहाल नरवाई खेतों में पड़ी है।

जिले में इस बार 5 लाख 2 हजार हेक्टेयर रकबे में गेहूं की बुआई की गई थी। अभी जिन खेतों में कटाई हो रही है, वे फसलें पहले चरण में बुआई वाली है। अधिकांश फसल तो अभी खेतों में ही खड़ी है। पिछले वर्ष नरवाई जलाने वाले करीब 20 किसानों से अर्थदंड वसूलने की कार्रवाई की गई थी। इस बार भी नरवाई जलाने की घटना सामने आई तो हार्वेस्टर संचालक और किसान दोनों पर कड़ी कार्रवाई करेंगे। समझाइश और चेतावनी दी है।

नरवाई जलाना नुकसानदायक है। किसान समय और श्रम बचाने के लिए नरवाई जलाते हैं। इससे खेत की उर्वरक क्षमता कम होती है। मिट्टी के लाभदायक सूक्ष्मजीव, केंचुए और पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं, जिससे मिट्टी बंजर होने लगती है। पर्यावरण को भी नुकसान है।

### महाकाल मंदिर में महानिवार्णी अखाड़े के महंत का इस्तीफा

## 6 साल पहले संभाली थी गादी, स्वास्थ्य कारणों का हवाला

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन महाकालेश्वर मंदिर स्थित महानिवार्णी अखाड़े के महंत गादीपति विनीत गिरी महाराज ने गुरुवार को पद से इस्तीफा दे दिया। महाकाल मंदिर में महंत की पदवी से इस्तीफे की खबर के बाद चचाओं को दौर शुरू हो गया। विनीत गिरी ने इस्तीफे की खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि लगातार अस्वस्थ होने के चलते अखाड़े को इस्तीफा भेजा है। लेकिन अब तक अखाड़े ने इस पर कोई भी निर्णय नहीं लिया है।



### 6 साल पहले संभाली थी गादी

करीब 6 साल पहले 13 मार्च को महाकाल मंदिर स्थित महानिवार्णी अखाड़े की ओर से विनीत गिरि महाराज को महंत के पद पर विराजमान कराया गया था। अखाड़े के पदाधिकारियों व अन्य साधु-संतों ने पहले उन्हें चादर ओढ़ाकर उन्हें अखाड़े की गादी प्रदान की थी। जिसके बाद से विनीत गिरी ने महाकालेश्वर में भस्म अर्पित करने व ओंकारेश्वर व रामेश्वर मंदिर में पूजन की जिम्मेदारी महंत के रूप में संभाली थी।

### पहले के महंत ने भी स्वास्थ कारणों से छोड़ा था पद

इससे पहले इस गादी पर महंत प्रकाश पुरी पदस्थ थे। उन्होंने भी स्वास्थ्य कारणों से यह पद छोड़ दिया था। मंदिर प्रबंध समिति ने इसके बाद भस्मआरती की जिम्मेदारी अखाड़े के ही गणेश पुरी को दी थी। वहीं ओंकारेश्वर व रामेश्वर मंदिर में पूजन के लिए मंदिर समिति के शासकीय पुजारियों को पाबंद किया था।

12 मार्च 2020 को अखाड़े की ओर से पत्र लेकर विनीत गिरि उज्जैन आए थे। उन्होंने पत्र मंदिर समिति के तत्कालीन प्रशासक एसएस रावत को दिया था। इसके बाद मंदिर समिति की बैठक बुलाकर महंत विनीत गिरि को दी जिम्मेदारी का अनुमोदन कर दिया था। जिसके बाद से ही लगातार महानिवार्णी अखाड़े के महंत के रुप में विनीत गिरी अपनी सेवा महाकाल मंदिर में दे रहे थे।

# सिंहस्थ-2028 की तैयारीः बड़े प्रोजेक्ट्स की डेडलाइन तय, संभागायुक्त आशीष सिंह बोले- अब हर दिन अहम, देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में सिंहस्थ-2028 की तैयारियों ने गति पकड़ ली है। संभागायुक्त आशीष सिंह ने गुरुवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक में उज्जैन-इंदौर और उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड मार्गों सहित कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की समय सीमा तय की। अधिकारियों को तय समय में काम पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।




संभागायुक्त आशीष सिंह ने स्पष्ट किया कि अब हर दिन की अहमियत है और किसी भी परियोजना में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की ड्राइंग और डिजाइन प्रक्रिया तुरंत पूरी की जाए और स्ट्रक्चर संबंधी काम शुरू किया जाए। संभागायुक्त आशीष सिंह ने गुरुवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय में समीक्षा बैठक की।

बैठक में उज्जैन-इंदौर के बीच बन रहे 48 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड मार्ग को 31 अक्टूबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, उज्जैन-जावरा के 98 किलोमीटर ग्रीनफील्ड मार्ग के लिए 30 नवंबर 2027 की समय सीमा निर्धारित की गई है।

इसके अतिरिक्त, सिंहस्थ बायपास, हरी फाटक ब्रिज और मक्सी रोड जैसे अन्य प्रमुख प्रोजेक्ट्स को भी 2027 के मध्य तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। संभागायुक्त ने हरी फाटक ब्रिज में आ रही बाधाओं को तत्काल हटाने का भी आदेश दिया।

यह भी तय किया गया कि 1 अप्रैल से हरी फाटक ब्रिज और उज्जैन-इंदौर ग्रीनफील्ड रोड का काम शुरू होगा। इसके लिए किसानों को मुआवजा वितरण की प्रक्रिया तेज करने पर जोर दिया गया है, ताकि भूमि संबंधी विवाद निर्माण में बाधा न बनें।

प्रशासन का मुख्य उद्देश्य सिंहस्थ-2028 से पहले सभी आवश्यक बुनियादी ढांचा तैयार करना है। अधिकारियों को चेतावनी दी गई है कि तय समय सीमा में काम पूरा करना सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खबर एक नजर...

### क्षीरसागर एरिना में 5 लाख से बनेगा कुश्ती रिंग, दंगल-कुश्ती हो सकेंगे

**उज्जैन।** शहर के खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए बड़ी सौगात के रूप में वार्ड क्रमांक 24 स्थित क्षीरसागर कुश्ती एरिना में आधुनिक कुश्ती रिंग का निर्माण किया जाएगा। इससे पारंपरिक दंगल और आधुनिक मैट कुश्ती दोनों हो सकेंगे। गुरुवार को सांसद अनिल फिरोजिया एवं निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने भूमि पूजन कर इस कार्य की शुरूआत की। यह रिंग नगर निगम अध्यक्ष मद से लगभग 5 लाख रुपए की लागत से तैयार होगी।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष नारायण यादव, जोन अध्यक्ष सुशील श्रीवास, नगर महामंत्री जगदीश पांचाल, मंडल अध्यक्ष विजय चौहान, मंडल महामंत्री विनोदिनी पाटीदार सहित कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे। निर्माण के तहत 4040 फीट के मजबूत ओटले पर कुश्ती रिंग तैयार की जाएगी, जिससे यहां पारंपरिक दंगल और आधुनिक मैट कुश्ती दोनों का आयोजन संभव होगा। अब तक खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए अन्य स्थानों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन इस रिंग के बनने से उन्हें अपने ही क्षेत्र में बेहतर और सुरक्षित मंच उपलब्ध होगा। निगम अध्यक्ष यादव ने कहा कि इस सुविधा से न केवल स्थानीय खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास का अवसर मिलेगा, बल्कि बड़े स्तर की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा सकेंगी। कार्यक्रम में कुश्ती संघ के जिला अध्यक्ष उमेशसिंह ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### तेल की शॉर्टेज के नाम पर बड़ा उछाल, 10 रु. किलो भाव बढ़े

**उज्जैन।** 15 दिन में तेल 1 किलो 10 रुपए बढ़कर अब बाजार में 158 से 160 रुपए प्रतिकिलो के भाव पर बिकने लगा है। सोयाबीन तेल 15 किलो 2 दिन में 40 रुपए बढ़कर 2420 रुपए हो गया।

तेल कारोबारी के अनुसार यह समय व्यापार का होने से आम खरीदारों को दाम अधिक चुकाना पड़ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल के भरपूर भंडार और ओवरफ्लो की स्थिति है, लेकिन जहाज पर रोक और जमाखोरी को बढ़ावा मिलने से भाव में बड़ी तेजी लाई जा रही है। इधर, उज्जैन मंडी में 75 से 100 रुपए की भाव तेजी आ गई है।

हालांकि मंडी में 70 लाख रुपए से अधिक का सोयाबीन बिका। इधर, सोयाबीन कारोबारी अमर अग्रवाल ने बताया विदेश में तेल बाजार के सौदे महंगे भाव के होने से ही सोयाबीन के भाव में तेजी आ रही है। इधर, तेल तो लोकल प्लांट का ही आता है, लेकिन भाव विदेश आधारित होने से देश में ही देश के तेल के महंगे दाम चुकाना पड़ते हैं। इधर, प्लांट के भाव ऑफर 75 रुपए बढ़कर नीमच लाइन 5675, इंदौर लाइन 5625 हो गई। सोयाबीन बीज कारोबारी ने अब आपसी सौदे भी करना शुरू कर दिए हैं। 2172 नामक सोयाबीन का सौदा एक बीज व्यापारी ने 500 रुपए ऊंचे भाव पर किया है। मंडी नीलाम में सोयाबीन 5100 से 5780 रुपए तक बिका।

### कल दिन और रात 12-12 घंटे के रहेंगे, देख सकेंगे


# खगोलीय घटना : सूर्य के विषुवत रेखा पर लंबवत रहेगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सूर्य के चारों ओर पृथ्वी के परिक्रमण के कारण सूर्य कर्क रेखा से मकर रेखा के बीच गति करता हुआ दिखाई देता है। इस वर्ष 21 मार्च को सूर्य विषुवत रेखा पर लंबवत रहेगा। इसे वसंत संपात कहा जाता है। सूर्य के विषुवत रेखा पर लंबवत होने के कारण दिन और रात बराबर-बराबर अर्थात 12-12 घंटे के होते हैं।

21 मार्च के बाद सूर्य उत्तरी गोलार्ध और मेष राशि में प्रवेश करेगा। 21 मार्च को सूर्य की क्रांति 0 अंश 15 कला उत्तर होगी और मेष राशि में सूर्य 0 अंश 39 कला 5 विकला पर होगा। सूर्य के उत्तरी गोलार्ध में प्रवेश के कारण अब उत्तरी गोलार्ध में दिन धीरे-धीरे बड़े होने लगेंगे और रात छोटी होने लगेगी। यह क्रम 21 जून तक जारी रहेगा। 21 जून को भारत सहित उत्तरी गोलार्ध में दिन सबसे बड़े





और रात सबसे छोटी होंगी। 22 मार्च से सूर्य के उत्तरी गोलार्ध में प्रवेश के कारण सूर्य की किरणों की तीव्रता उत्तरी गोलार्ध में बढ़ने लगेंगी। इससे ग्रीष्म ऋतु का प्रारंभ होता है।

शासकीय जीवाजी वेधशाला के अधीक्षक डॉ. राजेंद्रप्रकाश गुप्त के अनुसार 21 मार्च की घटना को शंकु यंत्र और नाड़ी वलय यंत्र के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से देखा जा सकता है। 21 मार्च को शंकु की छाया पूरे दिन सीधी रेखा (विषुवत रेखा) पर गमन करती हुई दिखाई देगी। 21 मार्च के पूर्व नाड़ी वलय यंत्र के दक्षिणी गोल भाग (24 सितंबर से 20 मार्च तक) पर धूप थी। 21 मार्च को नाड़ी वलय यंत्र के उत्तरी और दक्षिणी किसी गोल भाग पर धूप नहीं होगी। 22 मार्च से अगले छह माह (22 सितम्बर तक) नाड़ी वलय यंत्र के उत्तरी गोल पर धूप रहेगी। इस प्रकार सूर्य के गोलार्ध परिवर्तन को नाड़ी वलय यंत्र के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से देख सकते हैं। 21 मार्च को वेधशाला में इस खगोलीय घटना का अवलोकन किया जा सकता है।

### अगले सात दिन फ्री रहेगा तरणताल

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को देवास रोड पर 8.30 करोड़ रुपए की लागत से बने स्वीमिंग पूल और नानाखेड़ा में बने 18 करोड़ के नैवेद्य लोक का लोकार्पण किया। नगर निगम ने यह अंतरराष्ट्रीय स्तर का नया स्वीमिंग पूल बनाया है। कार्यक्रम में महापौर मुकेश टटवाल ने सीएम से अगले चार दिन तक शहरवासियों के लिए स्वीमिंग पूल निःशुल्क उपलब्ध कराने की मांग की। इस पर सीएम ने अगले सात दिन तक सभी के लिए फ्री करने की घोषणा की।

### हरसिद्धि मंदिर में पूजन, शाम को दीपमाला प्रज्वलन

# उज्जैन में चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ, घट स्थापना हुई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में गुरुवार सुबह चैत्र नवरात्रि और हिंदू नववर्ष की शुरूआत हुई। हरसिद्धि मंदिर में विधि-विधान से घट स्थापना कर नौ दिवसीय पर्व का शुभारंभ किया गया। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई।

नवरात्रि के पहले दिन मंदिर के पट सुबह 4 बजे खोले गए। इसके बाद विशेष पूजा-अर्चना की गई। सुबह 8 बजे विधिवत घट स्थापना कर पर्व की शुरूआत की गई।

यह पर्व 27 मार्च तक चलेगा। नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों- शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की



क्रमवार पूजा की जाएगी। मंदिर परिसर में स्थित करीब 51 फीट ऊंची दीपमालाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र हैं। इनमें 1000 से अधिक दीपक लगाए जाते हैं। शाम को दीपमाला प्रज्वलित की जाएगी।

यह मंदिर 51 शक्तिपीठों में शामिल है। धार्मिक मान्यता के अनुसार यहां माता सती की कोहनी गिरी थी। यह स्थल सम्राट विक्रमादित्य की आराध्य देवी का भी माना जाता है।

पहले दीपमालाएं केवल नवरात्रि में प्रज्वलित होती थीं, लेकिन अब विशेष बुकिंग के चलते ये सालभर जलाई जाती हैं। मान्यता है कि दीप प्रज्वलन के दौरान मांगी गई मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

मंदिर के महंत रामचंद्र गिरी के अनुसार, हरसिद्धि शक्तिपीठ में प्रतिदिन प्राकृतिक ज्योत प्रज्वलित होती है। यहां देशभर से श्रद्धालु मनोकामना लेकर पहुंचते हैं।

### आरटीई में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया में आवेदन के लिए मात्र 16 दिन का समय

**उज्जैन।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत निजी स्कूलों में ऑनलाइन निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया के प्रथम चरण की शुरूआत हो चुकी है। प्रथम चरण में ऑनलाइन निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत 5600 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया की जा रही है। जिसमें प्रवेश के लिए पात्र बच्चों के अभिभावक अपने ग्राम, वार्ड, पड़ोस और विस्तारित पड़ोस के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूल में से न्यूनतम 3 स्कूलों और अधिकतम 10 स्कूलों का चयन कर निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# खेतों में करते थे शादी-ब्याह, ग्रामीणों ने 15 लाख जुटाकर धर्मशाला बनाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जनसहयोग की एक बड़ी मिसाल ग्राम पंचायत बिरगोदा रंधीर के ग्रामीणों ने पेश की है। गांव में पहले कोई धर्मशाला नहीं होने से ग्रामीणों को शादी-ब्याह व अन्य सामाजिक कार्यक्रम खेतों में करने पड़ते, इस दौरान बारिश, हवा आंधी व धूप से मुश्किलें खड़ी होती। सरपंच निकिता राहुल यादव ने जन सहयोग से धर्मशाला निर्माण का उपाय सुझाया तो समस्या का समाधान हो गया।

सरपंच प्रतिनिधि राहुल यादव कहते हैं कि आम सहमति से यह तय हुआ कि गांव में जिस किसान के पास जितनी बीघा जमीन है, वह उतने हजार रुपए की मदद धर्मशाला निर्माण के लिए करे, यानी जिसके पास एक बीघा जमीन है तो वह एक हजार रुपए देगा और जिसके पास 10 बीघा है तो वह 10 हजार रुपए देगा। धीरे-धीरे राशि जुटने लगी और देखते ही देखते करीब 15 लाख रुपए तक जमा हुए। इस राशि से गांव की सरकारी जमीन पर धर्मशाला का निर्माण किया गया।

इसमें किचन शेड के अलावा ओपन परिसर बनाया गया। पेयजल के लिए बोरिंग का प्रबंधन किया और पेड़-पौधे भी लगाए गए। अब ग्रामीणों को किसी भी सामाजिक कार्यक्रम के लिए परेशान नहीं होना पड़ता है। गांव की इस धर्मशाला में ही कार्यक्रम होने लगे हैं। यादव बताते हैं कि प्रत्येक कार्यक्रम का शुल्क तय किया, ताकि इससे धर्मशाला का मेंटेनेंस हो सके और उसमें और भी जरूरी काम करवाए जा सके।

### मुक्तिधाम पहुंच मार्ग कच्चा होने से बारिश में घुटने तक रहता था कीचड़

गांव में एक और बड़ी समस्या यह थी कि मुक्तिधाम पहुंचने का मार्ग कच्चा होने से बारिश में बहुत मुसीबत होती थी। गांव से वहां तक अंतिम संस्कार के लिए पहुंचना चुनौती रहता था। ग्रामीणों को घुटने-घुटने तक कीचड़ में होकर निकलना पड़ता था। यादव कहते हैं कि पूरा रास्ता बनवा दिया गया और बाउंड्रीवाल का निर्माण भी करवाया जा रहा है।

# ध्वज यात्रा : सम्राट विक्रमादित्य टीले पर फहराई सबसे लंबी ऊंची धर्म ध्वजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री करपात्री कल्याण आश्रम बड़वाह एवं विक्रमादित्य नवसंवत धर्म ध्वजा समिति की ओर से सुबह 9 बजे गोपाल मंदिर पर महात्माओं द्वारा ध्वज पूजा कर चल समारोह प्रारंभ किया गया। चल समारोह का स्वरूप सिंहस्थ में निकलने वाली पेशवाई के स्वरूप में निकाला गया। 51 फीट लंबी ध्वजा के साथ चल समारोह छत्री चौक से विक्रमादित्य टीले पर पहुंचा।

चल समारोह मार्ग पर भक्तों ने धर्म ध्वजा एवं संतों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्री गुरु परंपरा अनुसार आयोजित कार्यक्रम रुद्र सागर में महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद गिरि महाराज, महंत ज्ञानदास महाराज, भागवतानंद गिरि महाराज, स्वामी रामकृष्णनंद गिरि, महंत नीलेश्वर गिरि, पं. गिरीश शर्मा और सच्चिदानंद महाराज ने परंपरागत ध्वज बदला।

चल समारोह में विद्वान ब्राह्मण बटुक, मनोज मेहता ग्रुप सांवेर, इंदौर की नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व करती तलवार




भाले का प्रदर्शन करती हुई कन्याएं, बंगाली समाज की 51 शंख ध्वनि करती हुई महिलाएं, वैदिक मंत्रोच्चार करते 150 बटुक ब्राह्मण और शौर्य प्रदर्शन करते अखाड़ों विद्यार्थी ढोल-ताशे और बैंड बाजे के साथ रथ में विराजित मां की पादुका के साथ शामिल थे। ध्वजारोहण के पश्चात संतों ने दीप प्रज्वलित कर डॉ. कल्याणी चैतन्य अम्माजी की पादुका का पूजन गादीपति सच्चिदानंद महाराज एवं समिति सदस्यों ने कर महात्माओं का सम्मान किया।

## खबर एक नजर...

### विक्रम वाटिका परिवार ने ठाकुर को प्रदान किया सर्किटाचार्य सम्मान

**उज्जैन।** विक्रम वाटिका परिवार ने विक्रम वाटिका में प्रातःकालीन व्यायाम प्रेमियों के लिए होली मिलन समारोह का आयोजन किया। आयोजन समिति संयोजक चंद्र विजय सिंह एवं पंकज पंवार ने बताया हास्य व्यंग्य एवं मस्ती से सराबोर ठहाकों की महफिल में हास्य कवि सुरेंद्र सिंह ठाकुर को सर्किटाचार्य सम्मान से अलंकृत किया गया। कवि राहुल शर्मा, डॉ. विवेक विक्रम, दिनेश दिग्गज, विजय गोपी, कुमार संभव ने रचनाएं सुनाई। इस दौरान अमित शर्मा, सुरेंद्र दयाल, पुष्कर बाहेती, सुगनचंद जैन, अशोक भाटी, दिनेश अनल, शशांक दुबे, मुकेश जोशी आदि उपस्थित थे। संचालन शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने किया।

### गणगौर उत्सव में महिलाओं ने दी नृत्य, दोहा स्पर्धा व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**उज्जैन।** वन बंधु परिषद महिला सह समिति ने गणगौर उत्सव मनाया। आयोजन में नृत्य, गणगौर गीत, दोहा प्रतियोगिता और सरप्राइज खेलों सहित कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। सचिव आरती सोडानी के के अनुसार अतिथि डॉ. गायत्री अटल, संतोष सोडानी और शैलबाला श्रीमाल का स्वागत अध्यक्ष उषा भट्टड़ ने किया। ईशर-गोरा की पधरावनी भी की गई और अतिथियों का तिलक कर अभिनंदन किया।

### फूलपाती चल समारोह में मातृशक्ति का सम्मान

**उज्जैन।** कार्तिक चौक स्थित पांचाल समाज धर्मशाला से महिला मंडल ने फूलपाती चल समारोह निकाला। इस मौके पर समाज की वरिष्ठ समाजसेवी मातृशक्तियों का सम्मान भी किया। मंडल अध्यक्ष विद्या पांचाल की मौजूदगी में पदाधिकारी और सदस्य पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुईं। महिला मंडल सचिव ममता पांचाल ने बताया चल समारोह में साधना पांचाल को वर और दिशा पांचाल को वधू के रूप में सजाया गया।

### इंद्र ध्वज चल समारोह, गोपाल मंदिर के शिखर पर ध्वज बदला

**उज्जैन।** नववर्ष संवत 2083 के अवसर पर संस्था नव संवत-नवविचार ने गुरुवार को इंद्र ध्वज चल समारोह और गुड़ी आरोहण कार्यक्रम आयोजित किया। सुबह 10 बजे चल समारोह फव्वारा चौक से शुरू हुआ और शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गोपाल मंदिर पहुंचा। संस्था सचिव प्रतीक जैन के अनुसार, कार्यक्रम शुरू होने से पहले अक्षत आनंद शंकर व्यास ने उपस्थित लोगों को विश्व शांति के लिए हेमाद्रि संकल्प दिलाया। चल समारोह में संस्था अध्यक्ष योगेश शर्मा और पूर्व कुलपति रामराजेश मिश्र सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। गोपाल मंदिर पहुंचने पर गुड़ी और ध्वज मंदिर प्रबंधन को सौंपे गए। संस्था की वार्षिक परंपरा के तहत इस बार भी गोपाल मंदिर के शिखर पर नया ध्वज फहराया गया।

---

रामघाट पर जब हजारों हाथ एक साथ भगवान भास्कर के स्वागत में उठे

# सूर्य को अर्घ्य, विक्रम संवत् 2083 रौद्र का स्वागत, बंगाली महिलाओं की शंख ध्वनि से घाट गुंजायमान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



शंखध्वनि, मंत्रोच्चार और शिप्रा के पावन तट पर सूर्य को अर्घ्य... कुछ इसी अनूठे अंदाज में गुरुवार को नव संवत्सर 2083 रौद्र का आगमन हुआ। रामघाट पर जब हजारों हाथ एक साथ भगवान भास्कर के स्वागत में उठे, तो पूरा वातावरण केसरिया उत्साह से सराबोर हो गया। केवल घाट ही नहीं, शहर में भी जगह-जगह नववर्ष के स्वागत में आयोजन हुए।

सृष्टयादि युगादि कल्पादि नव संवत्सर अभिनंदन समिति ने पंडित आनंदशंकर व्यास के संयोजन में रामघाट पर 48वें वर्ष में रौद्र नामक अनुवत्सर नववर्ष उत्सव का आयोजन किया। आचार्य, विद्वानों समाज के लोगों ने सुबह 6.57 बजे सूर्य की प्रथम रश्मियों का अर्चन कर अर्घ्य प्रदान किया। सबसे पहले चीनू डे के निर्देशन में बंगाली समाज की 10 महिलाओं ने शंख वादन किया। इस्कॉन मंदिर के विद्वानों ने पंडित राघव दास के निर्देशन में हरि नाम संकीर्तन कर आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान की। पं. सोहन भट्ट, पं. विनोद पंड्या, पं. आशुतोष शास्त्री, पं. जगदीश शर्मा, पं. महेश तेलंग, पं. प्रवीण शास्त्री आदि वैदिकों ने वेद मंत्रोच्चार किया। अतिथि विक्रम विवि के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज, पूर्व कुलपति प्रो. रामराजेश मिश्र, शिक्षाविद बीके शर्मा ने संबोधित किया।

पं. अक्षत व्यास ने ज्योतिषीय गणना अनुसार भविष्यफल का वाचन किया। इस अवसर पर नव संवत संस्था के अध्यक्ष पं. योगेश शर्मा, पं. सुरेंद्र चतुर्वेदी, पं. राजेश-माया त्रिवेदी, अशोक भाटी, दिनेश रावल, पं. रवींद्र भारद्वाज, पं. विजयनारायण व्यास सहित औदिच्य महिला संगठन की सुमन शर्मा संध्या पंड्या, रेखा आचार्य, मंजू पंड्या, मधुलिका पंड्या, जयश्री द्विवेदी आदि उपस्थित थीं। संचालन डॉ. संतोष पंड्या ने किया। आभार प्रतीक जैन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. संतोष पंड्या को श्रेष्ठीश्री जगराम गुप्त स्मृति नववर्ष अलंकरण से अलंकृत करते हुए ऋषिकुमार गुप्ता एवं अतिथियों ने वस्त्र, माला, सम्मान राशि एवं सम्मान पत्र भेंट किया। वेद आचार्य मुरलीमनोहर शास्त्री को सम्मानित करते हुए पं. संजय व्यास ने सम्मान राशि अर्पित की। व्यास सांदीपनि वेद पाठशाला के बटुकों को अतिथियों ने प्रमाण-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। नारायणा धाम में हिंदू नववर्ष का आयोजन किया जो सुबह 5 बजे से श्रीकृष्ण-सुदामा मंदिर में जलाभिषेक और पूजन शुरू हुआ।

### कृषि उपज मंडी में किया आउटसोर्स कर्मचारी गरासिया को सम्मानित



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

कृषि उपज मंडी में आउटसोर्स के रूप में कार्यरत जितेंद्र गरासिया को राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। यह मेडल विक्रम विश्वविद्यालय के अंतर्गत माधव शासकीय कॉलेज से 2024 और 2025 की परीक्षा में दर्शनशास्त्र में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर दिया गया। मंडी प्रशासन ने इस पर मंडी सचिव राजेश गोयल की अध्यक्षता में सम्मान समारोह रखा। गरासिया को पुष्पमाला पहनाकर और मिठाई खिलाई। मंडी सचिव के अलावा मंडी प्रांगण प्रभारी प्रीतमसिंह चौधरी, समन्वयक महेंद्र जैन, निर्माण प्रभारी दीपक श्रीवास्तव आदि अधिकारी कर्मचारियों ने उन्हें सम्मानित किया।

### राजा टोडरमल की 425वीं जयंती पर फूल फाग महोत्सव मनाया, महिलाओं ने फूलपाती निकाली

**उज्जैन।** जांगड़ा पोरवाल समाज ने महाराजा टोडरमल महाराज की 425वीं जयंती मनाई और फूल फाग महोत्सव का आयोजन किया। सचिव विनोद पोरवाल ने बताया इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने क्षीर सागर उद्यान से फूलपाती चल समारोह निकाला जो अरविंद नगर स्थित महाकाल परिसर पहुंचा। चल समारोह का महिला मंडल, पीवायसी ग्रुप, सीख ग्रुप, पोरवाल युवा संगठन ने स्वागत किया। महाकाल परिसर पहुंचने पर राजा टोडरमल जी महाराज की महाआरती की। इसके बाद फूलों की होली खेली और फाग उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष राजेश मजावदिया, जगदीश पोरवाल, पवन पोरवाल, गिरधारी पोरवाल, राजेंद्र मेहता, राजा मजावदिया, कन्हैयालाल घाटिया, पंकज घाटिया, महिला मंडल अध्यक्ष वंदना घाटिया, किरण चौधरी, ज्योति धनोतिया, इंदु मेहता, रीना पोरवाल सहित समाजजन मौजूद थे।

# बालरूप में सजे राम-सीता, प्रतिभाओं का सम्मान किया



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाराष्ट्र सांस्कृतिक मंडल ने गुड़ी पड़वा और हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय ज्ञानपीठ परिसर, महानंदा नगर में शोभायात्रा निकाली। इस अवसर पर पूरा क्षेत्र राममय नजर आया और समाज के हर वर्ग ने उत्साह और भक्तिभाव के साथ नव संवत्सर का स्वागत किया। शोभायात्रा में समाज के वरिष्ठजन, युवा, महिलाएं और बच्चे अपनी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए।

मुख्य आकर्षण के रूप में सजी-धजी बग्गी में प्रभु श्रीराम का चित्र सुशोभित था। साथ रथ पर समाज के बच्चे मृदुल वैद्य राम, ईशान पाटे लक्ष्मण, काव्या जोशी हनुमान और अमाया भावे सीता के स्वरूप में विराजमान थे। यात्रा महानंदा नगर और महाशक्ति नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से भ्रमण करती हुई पुनः भारतीय ज्ञानपीठ पर संपन्न हुई। इस अवसर पर समाज की प्रतिभाओं को उनकी विशेष उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

एमए मराठी में स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर यश चुनेकर का सम्मान किया। वाणिज्य विषय में स्कूलों के शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के बीच तनाव का विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर शोध कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर डॉ. मधु वर्मा करवड़े का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम को मंडल के सचिव दीपक मेंढालकर, कार्यकारिणी सदस्य गौतम विपट एवं रवींद्र हरणे ने संबोधित किया। इस अवसर पर मंडल के संरक्षक राघवेंद्र व्यास काका, अध्यक्ष दीपक तारे, सह सचिव मिलिंद लेले, कोषाध्यक्ष आनंद चंपक, सदस्य अनुकूल उमरेकर, सदाशिव नायगांवकर, प्रदीप बहुलकर, प्रदीप जोशी, प्रकाश रांगणेकर सहित? समाजजन मौजूद थे। आभार उपाध्यक्ष राजश्री जोशी ने माना।

# भगवान झूलेलाल की प्रतिमा की महाआरती करेंगे, मुंबई-पुणे के फूलों से सजाया उद्यान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव चेटीचंड महापर्व शुक्रवार को मनाया जाएगा। शहर का मुख्य आयोजन संतराम सिंधी कॉलोनी स्थित झूलेलाल उद्यान में होगा। यहां भगवान झूलेलाल की प्रतिमा की महाआरती कर विभिन्न कार्यक्रम होंगे।



उद्यान को मुंबई और पुणे से मंगवाए फूलों से सजाया गया है। कार्यक्रम संयोजक महेश सीतलानी ने बताया महापर्व को लेकर उद्यान में व्यापक तैयारियां की गई हैं। भगवान की प्रतिमा और संपूर्ण उद्यान की फूलों से विशेष सज्जा की जा रही है। आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ ही युवाओं के लिए सेल्फी पाइंट भी बनाए हैं। पर्व के उपलक्ष्य में सिंधी मेले का आयोजन भी होगा, जिसमें बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न तरह के झूले और पारंपरिक सिंधी व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे। सिंधी समाज के इष्ट देवता भगवान झूलेलाल के प्रकटोत्सव पर गीता कॉलोनी स्थित वरुण देव अखंड ज्योति झूलेलाल मंदिर में शुक्रवार सुबह 8 बजे ध्वजारोहण और 9 बजे महाआरती होगी। शाम 7 बजे सुंदर लालवानी की भजन संध्या होगी। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी के अनुसार सुबह 9.45 बजे वाहन रैली गीता कॉलोनी से शुरू होगी जो टावर चौक पहुंचेगी। यहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और अभिनेत्री जयाप्रदा रैली को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

### निगम अध्यक्ष ने मंगल तिलक लगाया नीम की पत्ती एवं गुड़ धनिया दिया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नववर्ष प्रतिपदा गुड़ी पड़वा के अवसर पर नगर गौरव दिवस भी मनाया। इस क्रम में गुरुवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव की उपस्थिति में लोगों को मंगल तिलक लगाकर नीम की पत्ती एवं गुड़, धनिया का वितरण किया।

निगम द्वारा नववर्ष प्रतिपदा गुड़ी पड़वा एवं नगर गौरव दिवस के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थान निगम मुख्यालय, गोपाल मंदिर, निकास चौराहा, टावर चौराहा पर लोगों को मंगल तिलक लगाकर नीम एवं गुड़, धनिया का वितरण किया।

# चलते ट्रक से पपीते के पानी उडने की बात को लेकर ट्रक मालिक की हत्या

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

पपीते से भरे चलते ट्रक से पपीते के पानी उडने की बात को लेकर बुधवार रात महू-नीमच हाईवे पर बिलपांक फंटे के समीप दो ट्रक मालिकों (ड्राइवर) और बाइक सवारों के बीच विवाद हो गया। कुछ ही देर में विवाद बड़ गया और उनमें मारपीट हो गई। इसी बीच बाइक सवार युवकों ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। इसके बाद आरोपियों ने ट्रक मालिक भाईयों के साथ जमकर मारपीट की। इससे वे दोनों घायल हो गए। दोनों ट्रक मालिक घायलों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां छोटे भाई की मौत हो गई। बिलपांक पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आठ आरोपी संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के अनुसार 50 वर्षीय उदय सिंह तंवर पिता भेरू सिंह तंवर निवासी ग्राम बड़ी सादड़ी जिला चितौडगढ़ (राजस्थान) व उसके छोटे भाई 42वर्षीय भगवान सिंह तंवर के अपने-अपने ट्रक है। दोनों ट्रक मालिक होने के साथ स्वयं ड्राईवरी भी करते है। बुधवार 18 मार्च 2026 को उदय सिंह तंवर ने महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले के शाहदा से पुष्कर ले जाने के लिए अपने ट्रक (आरजे-09-जीए-8876) में पपीता भरा था। वहीं छोटे भाई भगवान सिंह तवर ने अपने ट्रक (आरजे-09-जीडी-2206) में खरगौन जिले के सनावद के पास से भीलवाड़ा ले जाने के लिए कपास भरा था। दोनों अपने-अपने ट्रक लेकर पुष्कर व चित्तौडगढ जा रहे थे। वे मानपुर में मिले और इसके बाद आगे-पीछे ट्रक लेकर साथ-साथ चलते लगे। वे बुधवार रात महू-नीमच हाईवे पर रतलाम जिले के बिलपांक थाना क्षेत्र से जा रहे थे। इसी बीच पीछे बाइक पर सावर तीन युवकों पर पपीते के ट्रक से पपीते के पानी के छीटें उड़कर लगे। इस पर बाइक सवार गाली-गलौच कर ट्रक ड्राईवर से विवाद करने लगे। कुछ दूर जाकर दोनों ट्रक मालिक (ड्राईवरों) ने बिलपांक फंटे के पास एक दुकान के सामने सड़क किनारे ट्रक ले जाकर खड़े किए। इसी बीच युवक भी उनके पास पहुंचे और फिर दोनौं पक्षों के बीच कहासुनी व मारपीट होने लगी और विवाद बढ़ गया। बाइक सवार युवकों ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। आरोपियों ने ट्रक मालिक भगवान सिंह तंवर व उदय सिंह तंवर के साथ मारपीट की। इससे वे दोनों भाई घायल हो गए। दोनों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां कुछ देर बाद भगवान सिंह तंवर ने दम तोड़ दिया।

## राजा टोडरमल की जयंती आलोट नगर में धूमधाम से मनाई



आलोट। पोरवाल समाज आलोट द्वारा बुधवार को आराध्य देव राजा टोडरमल की जयंती मनाई गईसमाज जनों द्वारा दोपहर को संजय चौक स्थित पोरवाल समाज की प्याऊ पर राजा टोडरमल जी की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया शाम को पोरवाल धर्मशाला स्टेशन रोड आलोट पर सभी समाज जन एकत्रित होकर आरती की गई एवं श्रीनाथजी को भोग लगाकर महा प्रसादी का वितरण किया गया आरती की बोली सुरेश पोरवाल द्वारा ली गई कार्यक्रम में पोरवाल समाज अध्यक्ष दिनेश कोठारी पूर्व समाज अध्यक्ष कैलाश गुप्ता पूर्व अध्यक्ष केदारमल काला शंकर लाल सेठिया शांतिलाल कामरिया युवा संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र काला विट्ठल मोदी राजेश मंडवारिया आशीष काला सत्यनारायण काला शांतिलाल पोरवाल दूधिया दिलीप पोरवाल शांतिलाल पोरवाल मऊ खेड़ी अशोक काला कृष्ण सेठिया पवन मेहता पंकज चौधरी प्रमोद मेहता प्रदीप गुप्ता राजू गुप्ता लड्डा सेठ सुनील मऊ खेड़ी सतीश गुप्ता अनिल बालाजी राजू बेसोटा राजू कोठारी गुड्डूवेद आदि समाज जन थे।

## नववर्ष का शंखनाद; विक्रमोत्सव और सेवा प्रकल्पों के साथ हुआ अभिनंदन

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर



भगवान श्री पशुपतिनाथ की नगरी मंदसौर में भारतीय नव संवत्सर 2083 का शुभागमन आध्यात्मिक ऊर्जा, सांस्कृतिक गौरव और सेवाभावी संकल्पों के अनूठे संगम के साथ हुआ। नगर के विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने गुड़ी पड़वा के पावन पर्व को जन-उत्साह के साथ मनाया, जिसमें प्राचीन परंपराओं के निर्वहन के साथ-साथ समाज सेवा के विविध आयाम भी देखने को मिले।

वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई द्वारा इस दिन को च्वैश्य दिवसज के रूप में मनाते हुए नगर में भव्य वैश्य चेतना रैली निकाली गई। प्रातः काल गांधी चौराहा पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जहाँ नागरिकों को कुमकुम तिलक लगाकर नीम एवं मिश्री का औषधीय प्रसाद वितरित किया गया। यह रैली नेहरू बस स्टैंड, भारत माता चौराहा और घंटाघर जैसे प्रमुख मार्गों से होती हुई गोपालकृष्ण गौशाला पहुँची, जहाँ केसरिया ध्वजों के साथ बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। रास्ते में अनेक सामाजिक संस्थाओं ने पुष्पवर्षा कर रैली का आत्मीय स्वागत किया। गौशाला में आयोजित मुख्य समारोह में वक्ताओं ने वैश्य समाज को सेवाभावी और परोपकारी बताते हुए एकजुटता पर बल दिया। इस अवसर पर समाज सेवी प्रहलाद काबरा परिवार द्वारा गौमाता को हरा चारा और गुड़ खिलाकर गौ-सेवा का संकल्प दोहराया गया। सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मोर्चे पर, सुप्रसिद्ध श्री पशुपतिनाथ मंदिर के बालाजी परिसर में विश्वगीता प्रतिष्ठानम् और संस्कृति विभाग के तत्वावधान में आयोजन किया गया।

## लॉ कॉलेज के शिविर में विद्यार्थियों ने जीवन प्रबंधन के गुर सीखे

ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

श्री जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय मंदसौर द्वारा भूनियाखेड़ी में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय शिविर के तृतीय दिवस में प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर पुखराज दशोरा द्वारा विद्यार्थियों को जीवन प्रबंधन एवं जीवन कैसे जीना है इस विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया उनके द्वारा छोटी-छोटी कहानियों के माध्यम से जीवन में आने वाले तनाव को हम कैसे दूर कर सकते हैं यह समझाया। शिविर में विजन अकादमी के सुनील कंडारा ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्न पत्रों को हल करने के आसान माध्यम बताये। साथ ही तृतीय दिवस स्वास्थ्य दिवस के रूप में आयुष विभाग की ओर से 70 मरीज का निशुल्क उपचार एवं दवाइयां वितरित की गई । कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार कौशिक ने अतिथियों का स्वागत किया ।इस अवसर पर प्राध्यापक चंचल शर्मा, हेमलता चौहान, प्रवीण चौधरी एवं करण आर्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिविरार्थी ज्योति सोनी ने किया ।



## मक्का के बोरों की आड़ में तस्करी; पुलिस ने पकड़ी 70लाख की अवैध शराब

मन्दसौर। जिले के नाहरगढ़ थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय शराब तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक ट्रक से भारी मात्रा में मक्का के बोरों की आड़ में तस्करी कर ले जाई ही 70 लाख रू. की अवैध विदेशी शराब जब्त की है। पुलिस अधीक्षक विनोद मीणा के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में नाहरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक वरुण तिवारी और उनकी टीम ने नापाखेड़ा-बिल्लोद रोड पर घेराबंदी कर गुजरात पासिंग के एक ट्रक क्र. जीजे-36-वी-4253 को रोका। जिसकी तलाशी लेने पर पुलिस को ट्रक में मक्का के बोरों की आड़ बनाकर अवैध शराब की पेटियां छिपाई गई दिखी। पुलिस ने ट्रक से 550 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है, जिसका कुल परिमाण 6500 बल्क लीटर और बाजार मूल्य लगभग 70 लाख रुपये आंका गया है।पुलिस ने मौके से आरोपी भरत (32) पिता गोगन रेबारी निवासी वनाडा तहसील रणावा जिला पोरबंदर (गुज.) को गिरफ्तार किया है। तस्करों ने पुलिस को चकमा देने के लिए फर्जी बिल्टी का सहारा भी लिया था। पुलिस ने शराब और 10 लाख रुपये मूल्य का ट्रक जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## 7 क्विंटल से अधिक डोडाचूरा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

मन्दसौर। जिले के सीतामऊ थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए 7 क्विंटल से अधिक डोडाचूरा जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस टीम ने यह कार्यवाही ग्राम मानपुरा में विश्वकर्मा कृषि यंत्र दुकान के सामने घेराबंदी की। यहां पुलिस ने एक बिना नंबर की बोलेरो पिकअप को रोककर तलाशी ली, जिसमें 37 प्लास्टिक के काले कट्टों में भरा हुआ कुल 7 क्विंटल 22 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा बरामद हुआ। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 10 लाख 83 हजार रुपये बताई जा रही है। मौके से पुलिस ने दो आरोपियों, राहुल (25) पिता लक्ष्मीनारायण कुमावत निवासी हतुनिया और राहुल (32) राहुल पिता दीनदयाल पाटीदार निवासी झावल दोनों थाना अफजलपुर क्षेत्र को गिरफ्तार किया है। इस मामले में दो अन्य आरोपी सत्यनारायण पिता निर्भयराम पाटीदार और कन्हैयालाल पिता अशोक पाटीदार फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने डोडाचूरा के साथ ही परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन, एक ट्रैक्टर और मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## चेटीचंड वाहन रैली में समाज जनों पर की पुष्प वर्षा



ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

सिंधी समाज के आराध्य देव वरुण भगवान श्री झूलेलाल जी के 1076 वें जन्मोत्सव चेटीचंड सिंधी दिवस के महापर्व पर पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वाधान में चेटीचंड उत्सव समिति द्वारा विक्रम संवत चैत्र कृष्ण एकम 19 मार्च गुरुवार सुबह 8 बजे भागेश्वर महादेव मंदिर से एक विशाल वाहन रैली निकाली गई। बेटी को जन्म देने वाली माता का सम्मान करने वाली संस्था आराध्या वेलफेयर सोसाइटी नीमच की महिला पदाधिकारी सदस्यों द्वारा नया बाजार बजरंग चौक भोजु का चौराहा के समीप वाहन रैली में शामिल समाज जनों का मोती की माला पहना एवं पुष्प वर्षा कर सम्मान किया गया। इसअवसर पर विक्रम संवत नव वर्ष का काली मिश्री काली मिर्च नीम की पत्ती मिठाई से सभी का मुंह मीठा करवा हिंदू नवम वर्ष शुभकामनाएं देकर स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर ठंडा पेयजल, बिस्किट ,फ्रूटी जूस का वितरण भी किया गया।

## वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर विक्रमोत्सव का आयोजन

**रतलाम।** सृष्टि आरंभ दिवस वर्ष प्रतिपदा तथा विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ अवसर पर शासन के आदेशानुसार जिला प्रशासन द्वारा विक्रमोत्सवका आयोजन कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशन में गुलाब चक्कर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्री प्रहलाद पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय, नगर निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, जिला पंचायत सीईओ सुश्री वैशाली जैन, एसडीएम आर्ची हरित, डिप्टी कलेक्टर राधा महंत, डिप्टी कलेक्टर संजय शर्मा, पीओ डूडा श्री इअरुण पाठक, महर्षि शिव शंकर दवे, पंकज भाटी, सेवा वीर परिवार, गायत्री परिवार सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने बोराना से की मुलाकात

पिपलिया मंडी। मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री एवं मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक जगदीश देवड़ा ने पिपलिया मंडी के पूर्व ब्लाक शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य श्याम लाल बोराना के निवास पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने श्री बोराना के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और परिवारजनों से भी बातचीत कर उनका हालचाल जाना।

## पशुपतिनाथ मंदिर में गूँजी सम्राट विक्रमादित्य की शौर्य गाथा



ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ पर मध्य देश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भगवान पशुपतिनाथ मंदिर परिसर से न केवल सांस्कृतिक चेतना का संचार किया, बल्कि भावी पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए च्जल गंगा जल संवर्धन अभियानज का भी शंखनाद किया। गुरूवार की प्रातःकाल मंदिर परिसर में उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने सूर्य उपासना के पश्चात पूर्ण विधि-विधान से ब्रह्मध्वज स्थापित किया। उन्होंने भगवान पशुपतिनाथ की विशेष आरती और पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग और नाट्य विद्यालय के सहयोग से च्सम्राट विक्रमादित्यज के जीवन पर आधारित एक नाटक का मंचन किया गया। उज्जैन की परिष्कृती संस्था द्वारा प्रस्तुत इस नाटक में विक्रमादित्य के शौर्य, न्यायप्रियता, बेताल पच्चीसी और शकों पर उनकी ऐतिहासिक विजय के दृश्यों ने उपस्थित जनसमूह को भारतीय इतिहास के स्वर्णिम काल की याद दिला दी।

## नव संवत्सर पर मिश्री, नीम की पत्ती, कालीमिर्च प्रसाद किया वितरण

पिपलिया मंडी।हिन्दू नव वर्ष नव संवत्सर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर गुरुवार को मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,जिला कांग्रेस के सचिव महेंद्र गेहलोत,मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता काचरिया,कांग्रेसनेता भेरुपप्पू गुर्जर ने प्रतिवषार्नुसार प्रातः 9 बजे से जाने आने वाले लोगो को तिलक निकालकर मिश्री,निम की पत्ती, कालीमिर्च का प्रसाद वितरित कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।तथा कहा कि आने वाला यह नववर्ष आपके जीवन मे नई ऊर्जा,सुख,समृद्धि उन्नति और खुशहाली लेकर आए। इस मौके मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि हिन्दू नववर्ष जिसे नवसंवत्सर या चैत्र शुक्ल प्रतिपदा कहा जाता है।



# हरियाणवी एक्ट्रेस की कमर छूने का मामला पहुंचा महिला आयोग

## अंजलि राघव ने कहा- पवन सिंह की टीम ने बदनाम किया; सीता का रोल छिना

हरियाणवी एक्ट्रेस अंजलि राघव की स्टेज पर भोजपुरी सिंगर-एक्टर द्वारा कमर छूने का मामला फिर तूल पकड़ गया है। अंजलि ने हरियाणा महिला आयोग को शिकायत भेजी है। ई-मेल के जरिये इस मामले से जुड़े सबूत भी आयोग को भेजे हैं। असल में रैपर सिंगर बादशाह के मामले में महिला आयोग के सख्त रवैये के बाद अंजलि ने शिकायत करने की हिम्मत जुटाई। अंजलि ने कहा कि उस दिन लखनऊ में पहले मंच पर पवन सिंह ने गलत तरीके से कमर छुई। यह अनुचित व्यवहार था। यही नहीं बाद में बदनाम करने के लिए सुनियोजित तरीके से सोशल मीडिया और मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया। अंजलि ने आयोग से आग्रह किया है कि उनके खिलाफ सोशल मीडिया पर किए गए आपत्तिजनक कमेंट हटवाए जाएं। एक्ट्रेस का कहना है कि इसी वजह से उनका दिल्ली रामलीला में सीता का रोल छिन गया। अंजलि राघव ने हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को ई-मेल के जरिए भेजी शिकायत में कहा- सोशल मीडिया पर मेरे खिलाफ चल रहे अपमानजनक पोस्ट और झूठे प्रचार को तुरंत हटवाने के निर्देश दिए जाएं। शिकायत में आगे लिखा- मैं 16 वर्ष की आयु से विभिन्न रामलीलाओं में माता सीता का किरदार निभाती थी। इसी के जरिए पहचान बनाई। इस विवाद के बाद दिल्ली की रामलीला में मेरा यह किरदार छीन लिया गया। कुछ माह पहले मैं अपने एक गाने के प्रमोशन के लिए लखनऊ गई थी। वहां भोजपुरी गायक पवन सिंह ने मंच पर मेरी अनुमति के बिना मुझे छुआ, जिसका वीडियो भी उनकी टीम ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# नोरा के खिलाफ यूपी में फतवा

**शाही मुफ्ती बोले- 'सरके चुनर' गाना अश्लील; एक्ट्रेस को दर्दनाक दंड मिलेगा**







कन्नड़ फिल्म केडीः द डेविल के विवादित गाने सरके चुनर तेरी सरके को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। गाने पर डांस करने वाली एक्ट्रेस नोरा फतेही के खिलाफ यूपी के अलीगढ़ से फतवा जारी हुआ है। मुस्लिम पर्सनल दारुल इफ्ता के शाही चीफ मुफ्ती मौलाना चौधरी इफराहीम हुसैन ने गाने और दृश्यों को अश्लील बताया है। उन्होंने कहा- समाज में बेहयाई फैलाना न केवल अनैतिक है, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी दंडनीय है। नोरा फतेही ने मुस्लिम होने के बावजूद ऐसे अश्लील गाने में हिस्सा लिया। उन्होंने गुनाह-ए-कबीरा यानी बड़ा पाप किया है। उन्हें दर्दनाक दंड मिलेगा। इससे पहले राष्ट्रीय महिला आयोग ने एक्ट्रेस नोरा फतेही और एक्टर संजय दत्त को नोटिस भेजा है। साथ ही गाने के गीतकार रकीब आलम, वेंकट के. नारायण (प्रोड्यूसर, केवीएन ग्रुप) और किरण कुमार (डायरेक्टर) समेत अन्य संबंधित लोगों को भी नोटिस जारी किया गया है।

सभी को 24 मार्च को आयोग के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। आयोग ने चेतावनी दी है कि तय तारीख पर उपस्थित न होने पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। आयोग ने इस गाने के कथित अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट को लेकर खुद संज्ञान लिया है। आयोग के मुताबिक, गाने के बोल पहली नजर में आपत्तिजनक और यौन संकेतों वाले लगते हैं, जो कानून का उल्लंघन कर सकते हैं। वहीं, गाने को लेकर मंगलवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने शिकायत मिलने पर सेंसर बोर्ड, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और गूगल इंडिया को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। बता दें कि गाने को मंगलवार को यूट्यूब और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है।

**अब बात फतवे की-** मुस्लिम पर्सनल दारुल इफ्ता से सवाल पूछा गया था, आजकल फिल्म दी डेविल के एक गाने में आपत्तिजनक व अश्लील दृश्य होने की खबरें सामने आई हैं, जिस पर आम जनता में विरोध हो रहा है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी नोटिस जारी किया है। लोग यह जानना चाहते हैं कि इस तरह के गानों, डांस और अश्लील कंटेंट के बारे में इस्लाम का क्या हुक्म है?

**जवाब दिया- कुरान में ऐसे लोगों के लिए दर्दनाक अजाब-** शाही चीफ मुफ्ती मौलाना चौधरी इफराहीम हुसैन ने कहा, इस्लाम एक पाक दीन है, जो हया (लज्जा), इफ्फत (पवित्रता) और अच्छे अखलाक की तालीम देता है। अश्लील गाने, नृत्य और आपत्तिजनक दृश्यों में भाग लेना या उन्हें बढ़ावा देना इस्लाम में हराम और गुनाह-ए-कबीरा (बड़ा पाप) है।



# अल्लू अर्जुन ने फिल्म 'धुरंधर 2' की तारीफ की

**फिल्म हर भारतीय को गर्व महसूस कराएगी, रणवीर सिंह-आर माधवन की परफॉर्मेंस को सराहा**

साउथ एक्टर अल्लू अर्जुन ने फिल्म धुरंधर 2 देखने के बाद इसकी तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह हर भारतीय को गर्व महसूस कराएगी। उन्होंने रणवीर सिंह और आर माधवन समेत फिल्म की पूरी स्टार कास्ट की परफॉर्मेंस की भी सराहना की।

बुधवार को अल्लू अर्जुन ने ट्वीट करते हुए फिल्म को लेकर लिखा, अभी-अभी धुरंधर 2 देखी-देशभक्ति के साथ जबरदस्त स्वैग है। यह एक ऐसी फिल्म है जो हर देशभक्त को गर्व महसूस कराएगी। कई ऐसे पल हैं, जहां आप तालियां बजाने से खुद को रोक नहीं पाएंगे। पूरी तरह धमाका! पूरी टीम को बधाई। उन्होंने आगे लिखा, आर माधवन और सभी कलाकारों का शानदार प्रदर्शन है। टेक्निकल लेवल पर भी फिल्म कमाल की है। मुझे गर्व है कि हमारे देश में मेरे भाई रणवीर सिंह जैसे बेहतरीन और बहुमुखी अभिनेता हैं। रणवीर सिंह फायर हैं। आदित्य धर ने कमाल कर दिया, वे पूरी तरह छा गए। हमारे देश में उनके जैसे शानदार फिल्ममेकर्स होना गर्व की बात है। एक भारतीय कहानी इंटरनेशनल स्वैग के साथ! जय हिंद।

**आर माधवन ने आभार जताया-** वहीं, अल्लू अर्जुन को धन्यवाद देते हुए आर माधवन ने ट्वीट के रिप्लाई में लिखा, मैं बेहद विनम्र, भावुक और बहुत ज्यादा प्रेरित महसूस कर रहा हूं। आपकी तरफ से ये सुनना मेरे लिए बहुत मायने रखता है, मेरे प्यारे भाई। आगे उन्होंने लिखा, मैंने आपकी सभी फिल्में आपकी काबिलियत के प्रति गहरे सम्मान और हैरानी के साथ देखी हैं और यह जानकर बहुत शानदार महसूस हो रहा है कि यह भावना दोनों तरफ से है। भगवान आपका भला करे। मेरे करियर और जिंदगी के इस अहम मोड़ पर यह पहला ऑनलाइन रिव्यू मेरे लिए बेहद खास है। बता दें कि धुरंधर 2 में रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और आर माधवन हैं।

**फिल्म डायरेक्टर सनोज मिश्रा बोले- मोनालिसा नाबालिग:परिजन को लेकर भोपाल पहुंचे**

# पंक्चर बनाने वाले के खाते की जांच हो, पीएफआई कनेक्शन निकलेगा




प्रयागराज महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा की फरमान खान के साथ हुई शादी को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। फिल्म निमार्ता सनोज मिश्रा ने मोनालिसा के परिवार के साथ भोपाल पहुंचे। सनोज ने दावा किया कि उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी मुलाकात की है और जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि मोनालिसा बालिग नहीं है। हमने प्रशासन से यह मांग की है कि मेडिकल ग्राउंड पर जांच हो। केरल की सरकार, वहां के लोग और पीएफआई के संगठन इन सबने मिलकर इस खेल को अंजाम दिया है।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भी मुलाकात की है और जांच की मांग की**

**आप मोनालिसा के परिवार के साथ भोपाल आए सीएम से मिले हैं क्या?**

**सनोज मिश्राः** हमारी बातचीत का सबसे बड़ा मुद्दा यही है कि वो लड़की नाबालिग है। उसे केरल में ले जाकर जो तमाशा हुआ है वो बहुत बड़ा क्राइम बनता है। हमने प्रशासन से यह मांग की है कि मेडिकल ग्राउंड पर जांच हो। ये ट्राइबल कम्युनिटी के घुमंतु लोग हैं, इनका कोई एक ठिकाना नहीं होता। बर्थ सर्टिफिकेट और बाकी जो चीजें दिखाई जा रही हैं, ये टोटल फर्जी हैं। इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि वहां केरल में एक घंटे के अंदर मैरिज सर्टिफिकेट इश्यू हो गया। केरल की सरकार, वहां के लोग और पीएफआई के संगठन इन सबने मिलकर इसको अंजाम दिया है। मैंने शासन से यह मांग की है कि पीएफआई के एंगल से इसकी जांच की जाए। और मेडिकल ग्राउंड पर यह तय किया जाए कि लड़की नाबालिग है? क्योंकि उसके सारे पेपर फर्जी हैं।

**आप लोगों को क्या आश्वासन दिया?**

**सनोज मिश्राः** मुझे शासन की तरफ से पूरा सहयोग मिल रहा है। पूरा देश हमारे साथ है, क्योंकि ये सनातन और धर्म की बात है। ये बहुत बड़ी घटना है। ऐसी घटनाएं आम हैं। उनका गढ़ केरल बनता जा रहा है। जहां पर लव जिहाद की घटनाओं को प्रश्रय दिया जाता है। पिछले दिनों सबने देखा कि छांगुर बाबा किस तरह से फंडिंग करता था। जाति के आधार पर स्लैब तय होता है उसी हिसाब से पैसा दिया जाता है।

**क्या सरकार से आप लोगों ने फरमान पर धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम के तहत केस दर्ज करने की मांग की है?**

**सनोज मिश्राः** मैंने मांग रखी है। मैं हर तरह से लगा हुआ हूं क्योंकि मैं ही इस बच्ची को यहां लेकर ट्रेनिंग दिलाई थी। उसी बीच में सुनियोजित तरीके से उन लोगों ने मुझे टेकओवर किया था। उसे साउथ में लेकर चले गए मुझे उसकी भनक तक नहीं लगने दी। क्योंकि, उन लोगों को पता था कि अगर मुझे भनक लग जाएगी तो मैं उनके मंसूबे पूरे नहीं होने दूंगा। धर्म परिवर्तन पर बनने वाली फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर उसका भी भविष्य उन्होंने खतरे में ड़ाल दिया। मैं करीब दस करोड़ रुपए के कर्जे में हूं। पता नहीं उस फिल्म और मेरे कर्जे का क्या भविष्य होगा? अभी अगर तत्काल कार्रवाई नहीं करवाऊंगा, उसके खिलाफ आवाज नहीं उठाऊंगा तो हमारे देश का खासतौर पर सनातन धर्म का बहुत ज्यादा नुकसान होगा। क्योंकि, इससे इंस्पायर्ड होकर और भी बहुत सारी लड़कियां धर्म परिवर्तन करने के लिए तैयार हो जाएंगी।

**आपने और नाजिया ने खरगोन में कहा कि मोनालिसा सीरिया भी भेजी जा सकती है?**

**सनोज मिश्राः** सीरिया की बात मैंने इसलिए कही थी क्योंकि मुझे दो दिन का शूट यूके में रखना था तो इन ट्रायबल्स के लोगों ने मना कर दिया। चूंकि, ये आदिवासी लोग हैं तो उन्होंने कह दिया कि हम अपने बच्चे को बाहर नहीं भेजेंगे। ये करीब छह-आठ महीने पहले की बात है। उसके बाद उन्होंने अचानक पासपोर्ट बनवा लिया। कैसे बनवाया? क्योंकि वो जो मुल्ला जिहादी आया था, उसने इनको समझाया कि मैं फिल्म बनाऊंगा, तुम्हें बड़ा बनाऊंगा। और विदेश लेकर जाऊंगा। पैसों का लालच दिया होगा। उसने किस तरह से ब्रेनवॉश किया मैं पासपोर्ट नहीं बनवा पाया वो रातों रात पासपोर्ट बनवाकर ले गया। जब उसकी पिक्चर ही फर्जी है फिल्म ही नहीं बन रही। सब झूठ तमाशा और फरेब था। अर्जेंट में पासपोर्ट बनाने का मतलब क्या है? मतलब यही है कि वो विदेश में कहीं जहां पर लड़कियां सप्लाई होती हैं आज की तारीख में सीरिया उसका गढ़ बना हुआ है। आप वहां पर देखेंगे तो एनआईए और एजेसियों ने जो जांच की है और अब तक जो प्रूव किया है तो सबसे ज्यादा लड़कियां वहां से डिपोर्ट की जा रही हैं। ये जरूरी नहीं कि फ्लाइट से भेजें वहां कंटेनर से भी भेज देते हैं तो हो सकता है कि पुलिस के दबाव से बचने के लिए इस सेफ साइट को ध्यान में रखते हुए उस मुल्ले ने पहले ही पासपोर्ट बनाकर रखा हुआ था।

**आप फरमान को पहले कब से जानते हैं?**

**सनोज मिश्राः** मैं कभी नहीं जानता था। उससे कभी मिला भी नहीं। जिस दिन मीडिया में खबरें चलना शुरू हुई उस दिन मुझे पता चला। अगर मैं उसे पहले से जानता तो ये नाफरमानी तो नहीं करने देता।

**फरमान का परिवार भी यही बात कह रहा है। वही बात आप लोग कह रहे हैं। न उनकी मर्जी से शादी हुई न मोनालिसा के परिवार की मर्जी से?**

**सनोज मिश्राः** उनका परिवार तो पूरा नौटंकी कर रहा है। अभी लट्?ठ बजेगा तो सब कुबूल कर लेंगे। उनको सब जानकारी है। पीएफआई से जो फंडिंग हो रही उसके अकाउंट की जांच होगी तब पता चलेगा कि पैसा कहां से आता था। उन लोगों ने कितनी बार अपने बेटे से बात की है? और कहां-कहां लेकर गया है। उनको ये पता ही नहीं था कि इतने बडे-बडे.मिनिस्टर और सब लोग केरल में इकट्ठा हो गए। वो रहने वाला बागपत का पंक्चर छाप..... पंक्चर की दुकान वाला आदमी वहां जाकर केरल में मिनिस्टर के साथ रियल केरल स्टोरी रिलीज कर रहा है। मतलब सनातन धर्म का मजाक बन रहा है। बहुसंख्यक हिंदुओं के मुंह पर थूक रहा है। ये बोल रहे हैं कि हमें कुछ पता ही नहीं है। वो मुल्ला चाहता था कि हमारी फिल्म रुक जाए, इसीलिए उसने ये तमाशा रचा है।

# आईसीसी टी-20 रैंकिंग- बुमराह बिना मैच खेले टॉप-5 में पहुंचे

## अफ्रीकी बॉलर बॉश के पॉइंट्स गिरने से फायदा, अभिषेक शर्मा लगातार 8 महीने से नंबर-1 बैटर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टी-20 बॉलर्स की रैंकिंग के टॉप-5 में वापसी कर ली है। वे बिना कोई मैच खेले टॉप-5 में पहुंच गए हैं। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि टी-20 वर्ल्डकप के बाद हुई साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड की 5 मैच की सीरीज में अफ्रीकी टीम में कॉर्बिन बॉश को मौका नहीं मिला है। इससे उन्हें रैंकिंग में नुकसान हुआ और वह छठे स्थान पर खिसक गए।

आईसीसी ने ताजा प्लेयर रैंकिंग जारी की। इसमें जसप्रीत 702 रेटिंग अंक के साथ पांचवें पहुंच गए। बुमराह टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। बैटर्स की रैंकिंग में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। भारत के अभिषेक शर्मा (875 रेटिंग पॉइंट्स) टॉप पर हैं। वे जुलाई 2025 से टी-20 के नंबर-1 बल्लेबाज बने हुए हैं।

बॉलर्स रैंकिंग में कीवी कप्तान सैंटनर को भी फायदा टी-20 इंटरनेशनल रैंकिंग में न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर को फायदा मिला है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों की सीरीज के पहले 2 मुकाबलों में उन्होंने 3 विकेट लेने के साथ 35 रन भी बनाए, जिसकी बदौलत सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है। वहीं, अभी तीन मैच बाकी हैं। इस प्रदर्शन के दम पर सैंटनर गेंदबाजों की रैंकिंग में 11 स्थान की छलांग लगाकर





13वें नंबर पर पहुंच गए हैं। पिछले हफ्ते वह 24वें नंबर पर थे। टी-20 के ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भी मिचेल सैंटनर करियर की बेस्ट रैंकिंग में पहुंच गए हैं। वे दो पायदान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर आ गए हैं।

कॉन्वे ने बैटर्स रैंकिंग में 4 स्थान की छलांग लगाई बल्लेबाजों की टी-20 रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। ईशान किशन भी पिछले हफ्ते की तरह दूसरे नंबर पर हैं। दोनों में सिर्फ 4 पॉइंट का अंतर है। न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे ने भी अपनी रैंकिंग में सुधार करते हुए चार स्थान की छलांग लगाई। अब वह 70वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में कोई नया नाम नहीं ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में कोई नया नाम शामिल नहीं हुआ है। सैंटनर ही 9वें से 7वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

वनडे रैंकिंग में सलमान आगा को 9 स्थान का फायदा वनडे रैंकिंग में बांग्लादेश के कप्तान मेहदी हसन मिराज और पाकिस्तान के टी-20 कप्तान सलमान अली आगा को फायदा हुआ है। पाकिस्तान के सलमान अली आगा हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी वनडे में शतक लगाया था, इससे उन्होंने एक साथ 9 स्थानों की छलांग मारी है, इससे अब वे 10वें नंबर पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग अब केएल राहुल के बराबर 664 हो गई है।

बॉलर्स में मेहदी हसन को फायदा बांग्लादेश के लिए इस हफ्ते मेहदी हसन मिराज वनडे बॉलर्स की ताजा रैंकिंग में 9 स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं 28 साल के मिराज ने ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भी दो पायदान का सुधार किया है और अब वह इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर आ गए हैं।


मेहदी हसन ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने तीनों मैचों में कुल पांच विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई, जिसकी बदौलत बांग्लादेश ने सीरीज 2-1 से अपने नाम की। उनके अलावा गेंदबाजों की सूची में तस्कीन अहमद ने 12 स्थान की बढ़त के साथ 28वां स्थान हासिल किया, जबकि मुस्तफिजूर रहमान 13 स्थान की छलांग लगाकर 47वें पायदान पर पहुंच गए।

## नाथन एलिस हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण आईपीएल से बाहर

### सीएसके ने रिप्लेसमेंट जारी नहीं किया, फ्रेंचाइजी ने 2 करोड़ रुपए में खरीदा था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

5 बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज नाथन एलिस हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं। फ्रेंचाइजी के एक अधिकारी ने बताया कि 31 साल के एलिस आईपीएल से बाहर हो चुके हैं, हालांकि उनके रिप्लेसमेंट को लेकर अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है।



इधर, राजस्थान रॉयल्स के सैम करन भी ग्रोइन इंजरी के कारण पूरे सीजन से बाहर हो सकते हैं। 27 साल के करन इस सीजन में पहली बार राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले थे। लेकिन, इंजरी के कारण उनका खेलना मुश्किल लग रहा है। आरआर ने करन के रिप्लेसमेंट का ऐलान नहीं किया है। ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी वाली सीएसके और रियान पराग की कप्तानी वाली राजस्थान की टीमें अपने-अपने अभियान की शुरुआत 30 मार्च को गुवाहाटी में एक-दूसरे के खिलाफ करेंगी। आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च को आरसीबी और एसआरएच मैच के साथ होगी।

# ईरान की महिला फुटबॉल टीम स्वदेश लौटी



## 2 प्लेयर्स ने ऑस्ट्रेलिया में शरण लेने का फैसला किया, एशिया कप में राष्ट्रगान नहीं गाया था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई

ऑस्ट्रेलिया में शरण मांगने के विवाद के बाद ईरान की महिला फुटबॉल टीम स्वदेश लौट आई है। ईरानी मीडिया के अनुसार, टीम तुर्की के रास्ते ईरान पहुंची, जहां सीमा पर अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टीम पहले तुर्की उतरी और वहां से बस के जरिए ईरान की सीमा में दाखिल हुई। इस दौरान कुछ अधिकारियों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया।

इस मामले ने तब सुर्खियां बटोरी थीं जब टीम की कुछ खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया में शरण मांगी थी। हालांकि, बाद में कई खिलाड़ियों ने अपना फैसला बदल लिया और टीम के साथ वापस लौट आईं। वहीं, दो खिलाड़ी (फातेमेह पसंदिदेह और अतेफेह रमेजानिसादेह) ने ऑस्ट्रेलिया में ही रहने का फैसला किया है। 3 दिन पहले दिन प्लेयर्स घर लौटी थीं 3 दिन पहले 15 मार्च को 7 में से 3 खिलाड़ियों ने अपना निर्णय बदला और अपने देश लौट आईं। ऑस्ट्रेलिया के गृह मंत्री टोनी बर्क ने एक बयान में इसकी जानकारी दी थी। तीन सदस्य सिडनी से कुआलालंपुर (मलेशिया) के लिए रवाना हुए। इनमें दो खिलाड़ी और एक सपोर्ट स्टाफ शामिल रहे। ईरान की टीम ऑस्ट्रेलिया से निकलने के बाद से कुआलालंपुर में ही रुकी हुई है। ऑस्ट्रेलिया में शरण मांगकर चर्चा में आई टीम एशिया कप के दौरान साउथ कोरिया के खिलाफ मैच में ईरानी टीम ने अपना राष्ट्रगान नहीं गाया था।












### उबर करेगी रिवियन में

## करीब 12 अरब रुपये तक का निवेश



## 2028 तक 10,000 रोबोटैक्सी होंगी तैनात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उबर, इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी रिविआन में 1.25 अरब डॉलर तक का निवेश करेगी। इस डील के तहत, यह राइड-हेलिंग कंपनी 2028 से 10,000 पूरी तरह से ऑटोनॉमस आर2 एसयूवी को रोबोटैक्सी के तौर पर इस्तेमाल करना शुरू कर देगी। इस डील के तहत उबर, रिविआन में 1.25 अरब डॉलर (करीब 12 अरब रुपये) तक का निवेश करेगी। और आने वाले वर्षों में बिना ड्राइवर वाली गाड़ियों को अपने प्लेटफॉर्म पर उतारेगी।

### उबर कितना निवेश करेगी?

इस समझौते के तहतः
उबर शुरूआती तौर पर 300 मिलियन डॉलर निवेश करेगी। बाकी निवेश 2031 तक चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। निवेश रिविआन के ऑटोनॉमस टेक्नोलॉजी के लक्ष्यों को पूरा करने पर निर्भर करेगा इस खबर के बाद रिविआन के शेयरों में भी तेज उछाल देखने को मिला।

**रोबोटैक्सी कब और कैसे शुरू होगी?**
दोनों कंपनियों की योजना है किः 2028 से 10,000 पूरी तरह ऑटोनॉमस आर2 एसयूवी को रोबोटैक्सी के रूप में तैनात किया जाएगा। शुरूआत सैन फ्रांसिसको और मियामी जैसे शहरों से होगी।

**ये गाड़ियां केवल उबर प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगी**
उबर के पास भविष्य में 40,000 अतिरिक्त रोबोटैक्सी खरीदने का विकल्प भी रहेगा।

**रिविआन की आर2 एसयूवी में क्या खास है?**
रिविआन अपनी नई आर2 एसयूवी को एक किफायती और टेक्नोलॉजी से भरपूर मॉडल के रूप में तैयार कर रही है। कंपनी ने हाल ही में सेल्फ-ड्राइविंग के लिए अपना खुद का कंप्यूटर चिप भी पेश किया है। जो इस प्रोजेक्ट में अहम भूमिका निभाएगा।

### होर्मुज के रास्ते भारत आया एक और जहाज

# 80,886 मीट्रिक टन कच्चा तेल लेकर गुजरात पहुंचा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच भी भारत को ऊर्जा आपूर्ति में राहत मिली है। 'जग लाडकी' टैंकर 80,886 मीट्रिक टन कच्चा तेल लेकर मुंद्रा पोर्ट पहुंचा, जिससे सप्लाई मजबूत हुई; यह हाल के दिनों में पहुंचने वाला तीसरा जहाज है।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद भारत के लिए एलपीजी और कच्चा तेल लेकर आए भारतीय ध्वज वाले टैंकर सुरक्षित रूप से गुजरात के बंदरगाहों तक पहुंच रहे हैं। इससे ऊर्जा आपूर्ति को लेकर तत्काल राहत मिली है।

**जग लाडकी पहुंचा मुंद्रा पोर्ट-** गुजरात के मुंद्रा स्थित अदाणी पोर्ट्स पर भारतीय ध्वज वाले क्रूड ऑयल टैंकर जग लाडकी का आगमन हुआ। जहाज पर सवार सभी 22 भारतीय नाविक सुरक्षित बताए जा रहे हैं। यह टैंकर संयुक्त अरब अमीरात से कच्चा तेल लेकर पहुंचा है। टैंकर में करीब 80,886 मीट्रिक टन कच्चा तेल लदा था, जिसे फुजैराह बंदरगाह से लोड किया गया था। जग लाडकी युद्ध क्षेत्र से अदानी समूह के मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंचने वाला दूसरा जहाज है। इससे पहले, एलपीजी टैंकर शिवालिक सोमवार को बंदरगाह पर पहुंचा था।

खास बात यह है कि जहाज उसी दिन रवाना हुआ था, जब फुजैरा के तेल टर्मिनल पर हमला हुआ था। शिवालिक और नंदा देवी के बाद यह भारत पहुंचने वाला तीसरा जहाज है। यह जहाज फारस की खाड़ी से अरब सागर को जोड़ने वाले अहम समुद्री रास्ते होर्मुज से होकर भारत पहुंचा। अधिकारियों ने बताया कि जग लाडकी जहाज की कुल लंबाई में 274.19 मीटर और चौड़ाई में 50.04 मीटर माप वाले इस टैंकर का डेडवेट टन भार लगभग 164,716 टन और सकल टन भार लगभग 84,735 टन है। मौजूदा समय में कुल 24 भारतीय ध्वज वाले जहाज होर्मुज क्षेत्र में मौजूद हैं। इनमें से 22 जहाज जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में हैं, जिन पर 611 नाविक सवार हैं, जबकि दो जहाज पूर्वी हिस्से में स्थित हैं। पश्चिमी हिस्से में मौजूद 22 जहाजों में 6 एलपीजी कैरियर, 1 एलएनजी टैंकर, 4 कच्चा तेल टैंकर, 1 केमिकल उत्पाद ले जाने वाला जहाज, 3 कंटेनर शिप और 2 बल्क कैरियर शामिल हैं। इसके अलावा एक ड्रेजर, एक खाली जहाज और तीन जहाज ड्राई डॉक में नियमित मरम्मत के लिए रखे गए हैं।

**सरकार ने क्या दिए निर्देश-** सरकार ने प्रमुख बंदरगाहों को जहाजों की आवाजाही पर नजर रखने और कार्गो ऑपरेशन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत एंकरिज, बर्थ हायर और स्टोरेज शुल्क में रियायत दी जा रही है, साथ ही जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी में अस्थायी ट्रांसशिपमेंट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इधर, एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश के बाद एचपीसीएल मित्तल एनर्जी (बठिंडा) और रिलायंस रिफाइनरी (जामनगर) ने रेल रेक्स की अतिरिक्त मांग रखी है, ताकि गैस की आपूर्ति देशभर में तेजी से पहुंचाई जा सके।

**होर्मुज जलडमरूमध्य क्यों है इतना महत्वपूर्ण-** होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम ऊर्जा मार्गों में से एक माना जाता है। दुनिया भर में तेल और गैस की करीब 20 प्रतिशत आपूर्ति इसी समुद्री रास्ते से गुजरती है। इसलिए इस मार्ग पर किसी भी तरह का तनाव पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर सकता है। भारत भी अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए इस समुद्री रास्ते पर काफी हद तक निर्भर है।



### एक दिन पहले नंदा देवी पहुंचा वाडीनार पोर्ट

एलपीजी टैंकर 'नंदा देवी' 46,500 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर मंगलवार को वाडीनार पहुंचा, जहां एंकरिज क्षेत्र में शिप-टू-शिप (रळर) ट्रांसफर की प्रक्रिया शुरू की गई। मिली जानकारी के मुताबिक, 'नंदा देवी' से यह एलपीजी टळ इह इ११ूँ नामक दूसरे जहाज में ट्रांसफर किया जाएगा। यह ट्रांसफर आज से शुरू होने वाला है, जो देश में एलपीजी आपूर्ति को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस दौरान दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी (उ्ढअ) के चेयरमैन सुशील कुमार सिंह ने खुद नंदा देवी जहाज पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने जहाज के कैप्टन और क्रू मेंबर्स से बातचीत कर ट्रांसफर प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

### 'जग प्रकाश' ने सुरक्षित पार किया होर्मुज

ओमान से अफ्रीका के लिए पेट्रोल लेकर जा रहा टैंकर जग प्रकाश सफलतापूर्वक होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर तंजानिया की ओर बढ़ रहा है। इसके साथ ही युद्ध जैसे हालात वाले इस क्षेत्र से सुरक्षित गुजरने वाले भारतीय जहाजों की संख्या बढ़कर चार हो गई है।

### अनिल अंबानी से

## 2929 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले में सीबीआई ने की लंबी पूछताछ



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एसबीआई की शिकायत पर आरकॉम बैंक लोन मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी आज अपना बयान दर्ज कराने वाले हैं।
केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने देश के प्रमुख उद्योगपति अनिल अंबानी से 2,929 करोड़ रुपये के कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में गुरुवार को लंबी पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार, अंबानी दिल्ली स्थित सीबीआई मुख्यालय पहुंचे, जहां उनसे करीब आठ घंटे तक पूछताछ की गई। इस मामले में उन्हें आगे की जांच के लिए अगले दिन भी पेश होने को कहा गया है। यह पूरा मामला भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है।
सीबीआई ने 21 अगस्त 2025 को रिलायंस कम्युनिकेशंस और अनिल अंबानी समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। आरोप है कि कंपनी ने बैंकों से लिए गए कर्ज में अनियमितताएं कीं और कोष का गलत इस्तेमाल किया, जिससे एसबीआई को 2,929 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सीबीआई के अनुसार, 2013 से 2017 के बीच कंपनी ने समूह की अन्य कंपनियों के साथ जटिल लेन-देन के जरिए ऋण राशि का दुरुपयोग किया। यह जानकारी फॉरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, कुल 17 सरकारी बैंकों का इस मामले में एक्सपोजर करीब 19,694 करोड़ रुपये था, जिसमें एसबीआई को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ।

### चीन जा रहे रूसी तेल टैंकर का यू-टर्न, अब भारत आ रहा

# भारतीय रिफाइनरियों ने खरीदे 3 करोड़ बैरल क्रूड

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ईरान युद्ध के कारण पश्चिम एशिया से तेल आपूर्ति बाधित होने के बाद, भारत ने रूसी तेल आयात बढ़ाया है। इस बीच चीन जा रहे रूसी तेल के एक टैंकर के भारत की ओर बढ़ने की खबर आई है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

ईरान में युद्ध के कारण मध्य पूर्व से कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने के बाद वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक बड़ा भू-राजनीतिक और व्यापारिक बदलाव देखने को मिल रहा है। अमेरिका की भारत को रूसी तेल की खरीद बढ़ाने की अस्थायी छूट दिए जाने के बाद, चीन की ओर जा रहे कई एक रूसी तेल टैंकर बीच रास्ते में ही अपना मार्ग बदलकर भारत का रुख कर लिया है। यह घटनाक्रम भारत की ऊर्जा सुरक्षा और बदलती वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के लिहाज से एक बेहद अहम और कूटनीतिक कदम है।

**रूसी जहाज के 21 मार्च को न्यू मैंगलोर पहुंचने की उम्मीद-** शिप-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, 'एक्वा टाइटन'नामक एक अफ्रामैक्स रूसी टैंकर, जो मूल रूप से चीन के रिझाओ बंदरगाह की ओर जा



रहा था, उसने मध्य मार्च में दक्षिण पूर्व एशियाई जलक्षेत्र (दक्षिण चीन सागर) से यू-टर्न ले लिया है। यह टैंकर जनवरी के अंत में बाल्टिक सागर के एक बंदरगाह से 'उरल्स' कच्चा तेल लेकर चला था और अब इसके 21 मार्च को न्यू मैंगलोर पहुंचने की उम्मीद है।

**रूसी तेल पर भारतीय रिफाइनरियों का रुख बदला-** हाल के महीनों में जब भारत ने रूस से अपनी खरीद कम कर दी थी, तब चीन मास्को के लिए अंतिम विकल्प के रूप में कार्य कर रहा था। लेकिन भारतीय रिफाइनरियों की रूसी तेल की ओर हालिया रुख ने व्यापारिक समीकरण को तेजी से पलट दिया है।

रूस से तेल खरीद की अनुमति का दायरा बढ़ने के बाद जापान और दक्षिण कोरिया जैसे अन्य खरीदारों की भी बाजार में वापसी हो रही है। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, खरीदारों की इस वापसी से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में और अधिक उछाल आ सकता है। मध्य पूर्व में ईरान युद्ध के कारण उत्पन्न इस ऊर्जा संकट के बीच भारत का यह कदम अपनी घरेलू ऊर्जा मांग को सुरक्षित करने के लिए एक मजबूत नीतिगत और व्यावसायिक पहल है।

### कम से कम सात रूसी टैंकरों के दिशा बदलने की खबर

वोर्टेक्सा लिमिटेड के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, कम से कम सात ऐसे टैंकर हैं जो रूसी तेल ले जा रहे थे और उन्होंने अपनी यात्रा के बीच में ही चीन से भारत की ओर अपनी दिशा बदल ली है। यह रणनीतिक बदलाव मुख्य रूप से तब आया जब अमेरिका ने भारत को ईरान युद्ध के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए अस्थायी रूप से रूसी तेल की खरीद बढ़ाने की हरी झंडी दे दी। इस महत्वपूर्ण रियायत के मिलने के बाद वाले सप्ताह में ही, भारतीय रिफाइनरियों ने तेजी दिखाते हुए तीन करोड़ (30 मिलियन) बैरल रूसी कच्चे तेल की भारी-भरकम खरीद की है। वर्तमान में भारत की सभी प्रमुख रिफाइनरियां कच्चे तेल के बाजार में सक्रिय रूप से रूस से खरीदारी कर रही हैं। केपलर और जहाज-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, रूस के काला सागर स्थित नोवोरोसिस्क से कजाख सीपीसी ब्लेंड क्रूड लेकर चीन के रिझाओ जा रहे 'सुएजमैक्स जूजू एन' टैंकर ने भी मार्च की शुरुआत में दिशा बदल ली।

### आईसीआईसीआई बैंक को बड़ा झटका

## कर अधिकारियों ने थमाया 769 करोड़ रुपये का जीएसटी डिमांड नोटिस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आईसीआईसीआई बैंक को जीएसटी के कथित कम भुगतान के चलते कर अधिकारियों से 769 करोड़ रुपये का डिमांड नोटिस मिला है। न्यूनतम बैलेंस खातों से जुड़े इस पूरे मामले और बैंक की कानूनी रणनीति की विस्तृत रिपोर्ट पढ़ने के लिए क्लिक करें।

बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र से जुड़ी एक अहम खबर सामने आई है। देश के प्रमुख ऋणदाताओं में से एक, आईसीआईसीआई बैंक को कर अधिकारियों से एक बड़ा झटका लगा है। बैंक को वस्तु व सेवा कर के कथित कम भुगतान के मामले में 768.6 करोड़ रुपये का भारी-भरकम डिमांड नोटिस मिला है। यह मामला सीधे तौर पर बैंक द्वारा अपने उन ग्राहकों को दी जाने वाली सेवाओं से जुड़ा है, जो अपने खातों में एक तय बैलेंस मेंटेन करते हैं।

आईसीआईसीआई बैंक ने एक नियामक फाइलिंग के जरिए बाजार को इस कार्रवाई की जानकारी दी। इस मामले से जुड़े प्रमुख तथ्य इस प्रकार हैं:

**आदेश की प्राप्ति और प्राधिकारीः** बैंक को यह आदेश 18 मार्च, 2026 को प्राप्त हुआ। इसे सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई पूर्व आयुक्तालय के अतिरिक्त आयुक्त द्वारा जारी किया गया है।

**कानूनी धाराः** यह डिमांड नोटिस महाराष्ट्र वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 74 के तहत भेजा गया है।

**जुर्माने की रकम का गणितः** कर अधिकारियों ने 384,33,53,972 रुपये की मूल जीएसटी की मांग रखी है। इसके साथ ही, नियमों के अनुसार इतनी ही राशि का जुर्माना और लागू होने वाला ब्याज भी जोड़ा गया है, जिससे कुल नोटिस की रकम 768.6 करोड़ रुपये हो गई है।

**किस सेवा पर लगा टैक्सः** यह नोटिस विशेष रूप से उन ग्राहकों को बैंक द्वारा दी जाने वाली सेवाओं पर लगाया गया है जो अपने खातों में निर्दिष्ट न्यूनतम बैलेंस बनाए रखते हैं।

**आगे की कानूनी रणनीतिः** इतनी बड़ी रकम का नोटिस मिलने के बाद बैंक ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। आईसीआईसीआई बैंक ने कहा है कि वह निर्धारित समय-सीमा के भीतर कानूनी माध्यमों से इस आदेश का कड़ा विरोध करेगा।

## राष्ट्रपति ने वृंदावन में इस्कॉन- प्रेम मंदिर के दर्शन किए



ब्रह्मास्त्र ▸▸ अयोध्या

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 3 दिनों के यूपी दौरे पर हैं। नवरात्रि के पहले दिन राष्ट्रपति गुरुवार सुबह परिवार के साथ अयोध्या पहुंचीं। इससे पहले उन्होंने रामलला के दर्शन किए। दूसरे फ्लोर पर बने राम दरबार में श्रीराम यंत्र की स्थापना की। उन्होंने राम मंदिर परिसर को भी देखा। उनका यह दूसरा अयोध्या दौरा था।

राष्ट्रपति अयोध्या में करीब 5 घंटे रहीं। इसके बाद द्रौपदी मुर्मू मथुरा के वृंदावन पहुंचीं। उस वक्त तेज बारिश हो रही थी। बारिश के बीच उनका काफिला इस्कॉन मंदिर पहुंचा।

राष्ट्रपति मुर्मू ने मंदिर के संस्थापक एसी भक्तिवेदांत श्री प्रभुपाद की समाधि के दर्शन किए। साथ ही कृष्ण-बलराम और राधा-श्यामसुंदर के भी दर्शन किए। मंदिर में चल रहे कीर्तन और नृत्य को भी देखा।

अपने बीच राष्ट्रपति को देखकर मंदिर परिसर में मौजूद बच्चे उनके पास आने लगे, लेकिन सुरक्षा गार्ड ने उन्हें रोक दिया। इस पर राष्ट्रपति ने कहा- आने दो। फिर बच्चों को अपने पास बुलाया और चॉकलेट बांटी। राष्ट्रपति इस्कॉन मंदिर में करीब 30 मिनट तक रहीं। उनके साथ उनकी बहन, बेटी, दामाद और बच्चे मौजूद थे। इसके बाद राष्ट्रपति प्रेम मंदिर पहुंचीं। गर्भगृह में राधा-कृष्ण के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-आरती की। उन्होंने गर्भगृह की परिक्रमा भी की। पहली मंजिल पर कृपालु महाराज की प्रतिमा और सीता-राम के दर्शन किए। वाटर और लेजर शो देखा। प्रेम मंदिर में वह करीब 25 मिनट तक रहीं।

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी उनके साथ रहीं। शुक्रवार यानी 20 मार्च को प्रेमानंद महाराज से मुलाकात करेंगी।

### छत्तीसगढ़ में अब धर्मांतरण कराने पर उम्रकैद:

# विधानसभा में धर्म स्वतंत्रता बिल पास, 25 लाख जुर्माना लगेगा, मददगारों को भी होगी जेल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज धर्म स्वातंत्र्य विधेयक, 2026 पास हो गया है। अवैध तरीके से धर्मांतरण कराने के मामलों में दोषी पाए जाने पर 7 से 10 साल तक की जेल और कम से कम 5 लाख रुपए जुर्माना लगाया जाएगा।

यदि पीड़ित नाबालिग, महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग से हो, तो सजा बढ़ाकर 10 से 20 साल तक की जेल और न्यूनतम 10 लाख जुर्माना देना होगा। वहीं, सामूहिक धर्मांतरण के मामलों में 10 साल से लेकर आजीवन कारावास होगी। कम से कम 25 लाख रुपए जुर्माना लगेगा।

गृहमंत्री विजय शर्मा द्वारा पेश किया गया यह नया विधेयक वर्ष 1968 के पुराने कानून की जगह लेगा, जिसे सरकार ने वर्तमान तकनीक और सामाजिक परिस्थितियों के लिहाज से नाकाफी माना है। सरकार के अनुसार इस बिल का मकसद बल, प्रलोभन, धोखाधड़ी या गलत जानकारी देकर कराए जाने वाले धर्मांतरण पर रोक लगाना है। सदन में बिल के पास होते ही इखढ विधायकों ने जय श्री राम के नारे लगाए।

वहीं विपक्ष ने इस बिल का विरोध किया और वॉकआउट कर दिया था। विपक्ष का कहना था कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के रिटायर्ड जजों के साथ-साथ सभी दलों के विधायकों की राय ली जानी चाहिए। सदन में यह बिल ध्वनि मत से पास हुआ।

धर्म स्वतंत्रता बिल पेश होते ही नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने इसका विरोध किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कानून देश के कई राज्यों में पहले से हैं और मामला सुप्रीम कोर्ट में भी चल रहा है, इसलिए इस बिल को जल्दबाजी में पास नहीं किया जाना चाहिए। महंत ने मांग की कि बिल को सेलेक्ट कमेटी के पास भेजा जाए, ताकि इस पर विस्तार से चर्चा हो सके। उन्होंने कहा कि इसमें सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के रिटायर्ड जजों के साथ-साथ सभी दलों के विधायकों की राय ली जानी चाहिए।




उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा कोई फैसला नहीं होना चाहिए, जिससे समाज में विभाजन बढ़े। महंत ने संविधान और सहिष्णुता का हवाला देते हुए नेताओं और समाज सुधारकों के विचारों का जिक्र किया।

### 'संविधान के तहत राज्य सरकार को कानून बनाने का अधिकार'

वहीं, भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कांग्रेस के आरोपों को गलत बताया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार के समय भी ऐसा कानून लागू किया गया था, इसलिए इसे गलत बताना ठीक नहीं है। उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है, जिससे राज्य इस तरह का कानून नहीं बना सकते। उन्होंने कहा कि संविधान के तहत कानून बनाने का अधिकार राज्य सरकार को है और यह बिल पूरी तैयारी और चर्चा के बाद लाया गया है।

सदन की कार्यवाही चला रहे धर्मलाल कौशिक ने कांग्रेस की आपत्तियों को खारिज कर दिया और बिल पेश करने की अनुमति दे दी।

### विजय शर्मा बोले- भाग रहा विपक्ष

इसके बाद कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया और पूरे दिन की कार्यवाही का बहिष्कार किया। इस पर विजय शर्मा ने कहा कि यह वॉकआउट नहीं बल्कि भागना है। यह बिल पिछले हफ्ते ही राज्य कैबिनेट से मंजूर हुआ था। सरकार का कहना है कि इसमें 1968 के कानून को और मजबूत किया गया है और धर्मांतरण के नए तरीकों, जैसे डिजिटल और आर्थिक प्रलोभन, को भी शामिल किया गया है। फिलहाल राज्य में ह्यछत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम, 1968ह्ण लागू है, जिसे राज्य बनने के बाद मध्य प्रदेश से अपनाया गया था।

## राजस्थान में ओले गिरने से ठंडक, मध्यप्रदेश में बारिश



देश के कई हिस्सों में मौसम बदला है। राजस्थान में जयपुर सहित कई जिलों में शुक्रवार सुबह तेज बरसात हुई। 17 से ज्यादा शहरों में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट है। ओले गिरने से पारा 11 डिग्री तक लुढ़क गया। मध्य प्रदेश में 2 दिन से ओले-बारिश और आंधी का दौर चल रहा है। गुरुवार को प्रदेश के 15 से ज्यादा जिलों में मौसम बदला रहा। मौसम विभाग ने शुक्रवार को ग्वालियर-जबलपुर समेत 34 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

उधर बिहार के बेगूसराय में शुक्रवार सुबह कोहरा छाया। प्रदेश के 38 जिलों में बारिश की संभावना है। 10 जिलों में तेज बारिश के साथ ही 60'सॆं की रफ्तार से हवा चल सकती है। उत्तराखंड के ज्यादातर हिस्सों में बारिश जारी है। वहीं चारों धाम यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ में चार दिन से बर्फबारी जारी है। 21-22 मार्च- मौसम विभाग ने यूपी और राजस्थान के कई इलाकों में हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया है। राजस्थान के कुछ जिलों में ओले गिरने का भी अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट जारी कर भारी बर्फबारी की चेतावनी दी गई है।

### सुप्रीम कोर्ट बोला-वनतारा में किसी कानून का उल्लंघन नहीं हुआ

# करणार्थम विरम फाउंडेशन की याचिका खारिज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने वनतारा के खिलाफ दायर एक फाउंडेशन की याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि वनतारा में किसी भी तरह के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन नहीं हुआ है।

वनतारा के खिलाफ ये याचिका करणार्थम विरम नाम की एक फाउंडेशन ने दायर की थी। याचिका में केंद्र सरकार, केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण और अन्य को निर्देश देने की मांग की गई थी। इसमें वनतारा पर जानवरों से संबंधित कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था।

कोर्ट ने पिछले साल इसी तरह की एक ढक्क खारिज कर दी थी। अदालत ने जस्टिस जे. चेलमेश्वर की अध्यक्षता वाली अपनी विशेष जांच टीम की वनतारा को दी गई क्लीन चिट को स्वीकार कर लिया था। फाउंडेशन की याचिका पर जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की पीठ ने रखळ की रिपोर्ट को सही ठहराया।

यह मुद्दा नया नहीं है। इससे जुड़ी एक याचिका पहले भी दायर हो चुकी थी, जिस पर कोर्ट पहले ही विचार कर चुका है।

केंद्र सरकार और संबंधित संस्थाएं



वनतारा और उसके हाथी ट्रस्ट को 2019 से अब तक दी गई सभी अनुमति, मान्यता और लाइसेंस का पूरा रिकॉर्ड कोर्ट में पेश करें।

खास तौर पर जानवरों के आयात और निर्यात से जुड़े सभी लाइसेंस और परमिट की जानकारी दी जाए।

एक नई स्वतंत्र राष्ट्रीय समिति बनाई जाए, जो वन्यजीव व्यापार की निगरानी करे। इस समिति का नेतृत्व सुप्रीम कोर्ट के एक रिटायर्ड जज करें।

समिति में वन्यजीव, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और पर्यावरण कानून के विशेषज्ञ भी शामिल हों। यह समिति सभी आयात, निर्यात और पुनः निर्यात परमिट की वैधता और असली होने की जांच करे।

4 सदस्यीय टीम का नेतृत्व पूर्व जज जस्टिस जे. चेलमेश्वर ने किया था और टीम में जस्टिस राघवेंद्र चौहान (पूर्व चीफ जस्टिस, उत्तराखंड व तेलंगाना ळ्द), पूर्व मुंबई पुलिस कमिश्नर हेमंत नागराले और कस्टम्स अधिकारी अनिश गुप्ता शामिल थे।

टीम ने 12 सितंबर को रिपोर्ट सौंप दी थी। कोर्ट ने टीम की सराहना की और कहा कि समिति को मानदेय भी दिया जाए।

भारत और विदेश से, विशेषकर हाथियों के अधिग्रहण में- वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, चिड़ियाघरों के नियम, अंतरराष्ट्रीय प्रजाति व्यापार संधि, आयात-निर्यात कानूनों और अन्य वैधानिक आवश्यकताओं का पालन हुआ या नहीं।

पशुपालन मानकों, पशु-चिकित्सा देखभाल, पशु कल्याण, मृत्यु दर और उनके कारणों, जलवायु और स्थान संबंधी शिकायतों की। निजी संग्रह बनाने के आरोपों, प्रजनन और संरक्षण कार्यक्रमों, जैव विविधता संसाधनों के उपयोग, कानूनी उल्लंघनों, वन्यजीव तस्करी और पशु उत्पादों के व्यापार आदि मामले में। इसके अलावा जरूरत के मुताबिक, याचिकाकर्ताओं, अधिकारियों, नियामकों, हस्तक्षेपकर्ताओं और पत्रकारों से भी जानकारी ली। हथिनी माधुरी 1992 से स्वस्तिश्री जिनसेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामी संस्थान मठ में रह रही थी। 16 जुलाई को बॉम्बे हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि हथिनी माधुरी को वनतारा में शिफ्ट किया जाए।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंध के आधार पर सी.एस राठौर पिता श्री प्रभुलाल जी राठौर निवासी सेठी नगर, उज्जैन से उनके द्वारा क्रय अनुबंधीत भूखण्ड क्रमांक-ए-53 जो कि भूमि सर्वे नम्बर-68/2 में का भाग होकर अभिलाषा कॉलोनी, ग्राम हामूखेडी, देवास रोड़, उज्जैन में स्थित है। भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 179 .15 वर्गमीटर है, जिसकी पैमाईश में लम्बाई-उत्तर से दक्षिण 13.41 मीटर एवं चौड़ाई-पूर्व से पश्चिम 13.36 मीटर है तथा जिसके पूर्व में भूखण्ड क्रमांक ए-54, पश्चिम में-6.00 मीटर चौड़ा रास्ता, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक ए-55 एवं दक्षिण में-7.50 मीटर चौडा रास्ता है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक विक्रय मूल्य बतौर बयाना स्वरूप भी अदा कर दिया है और सौदा चि?ट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा अब शेष राशि अदा कर रजिस्ट्री करवाना शेष रह गया है। उक्त भूखण्ड में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूखण्ड पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधी में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक-19.03.2026 उज्जैन

**राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन**
**मोन. 99930 79516 94250 94349**

### अमेरिका बोला- एच-1बी वीजा फीस एक बार लगेगी

# नेतन्याहू बोले- ईरानी गैस फील्ड पर हमला हमने अकेले किया, इसमें अमेरिका शामिल नहीं था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इजराइल

मिडिल-ईस्ट में जारी जंग के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड से जुड़े प्रोसेसिंग प्लांट पर हमला इजराइल ने अकेले किया था और इसमें अमेरिका शामिल नहीं था।

नेतन्याहू ने गुरुवार देर रात प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजराइल से ऐसे हमलों को फिलहाल रोकने के लिए कहा है और इजराइल इस पर अमल कर रहा है। नेतन्याहू ने कहा, ह्वट्रम्प ने हमसे भविष्य में ऐसे हमले रोकने को कहा और हम फिलहाल रुके हुए हैं।ह्व

जंग के बीच ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा है कि उसने अमेरिकी एफ-35 फाइटर जेट पर हमला कर उसे नुकसान पहुंचाया। कइस हमले का वीडियो भी जारी किया है, जिसमें जेट को निशाना बनाते हुए दिखाया गया है। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि नहीं हो पाई है।

एफ-35 दुनिया के सबसे एडवांस लड़ाकू विमानों में गिना जाता है और इसकी कीमत 100 मिलियन डॉलर से अधिक होती है। बहरीन के गृह मंत्रालय ने बताया कि हमले के कारण गिरे मलबे से एक कंपनी के वेयरहाउस में आग लग गई। मंत्रालय के अनुसार, सिविल डिफेंस की टीम ने आग पर काबू पा लिया है और इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। चीन ने अपने घरेलू बाजार को सुरक्षित रखने के लिए फर्टिलाइजर के एक्सपोर्ट पर रोक लगानी शुरू कर दी है। रॉयटर्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इससे पहले ही ईरान युद्ध के कारण वैश्विक बाजार पर और दबाव बढ़ गया है। रिपोर्ट के अनुसार, मार्च में बीजिंग ने नाइट्रोजन-पोटैशियम मिश्रित खाद और कुछ फॉस्फेट वाले उर्वरकों के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। रॉयटर्स के मुताबिक, पहले से मौजूद प्रतिबंधों और यूरिया पर लगाए गए कोटा के साथ अब चीन से केवल कुछ ही तरह के खाद, खासकर अमोनियम सल्फेट का निर्यात हो पा रहा है।

इसका मतलब है कि पिछले साल चीन जितना खाद निर्यात करता था, उसका लगभग आधा से लेकर तीन-चौथाई हिस्सा अब प्रतिबंधित हो गया है। यह करीब 40 मिलियन मीट्रिक टन तक हो सकता है। चीन दुनिया के सबसे बड़े खाद निर्यातकों में से एक है और उसने पिछले साल 13 अरब डॉलर से ज्यादा का खाद निर्यात किया था।



## सीरिया के गांव में गिरी ईरान की मिसाइल

संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन ने कहा है कि वह अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण मिडिल ईस्ट में फंसे करीब 20,000 नाविकों को निकालने के लिए देशों के साथ बातचीत शुरू करेगा।

महासचिव आर्सेनियो डोमिंगुएज ने गुरुवार को तीन दिन चली विशेष बैठक के बाद कहा कि वे तुरंत बातचीत शुरू करने के लिए तैयार हैं, ताकि एक मानवीय कॉरिडोर बनाया जा सके और फंसे हुए जहाजों और नाविकों को सुरक्षित निकाला जा सके। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि बातचीत कब शुरू होगी और यह भी साफ नहीं है कि ईरान इस योजना में सहयोग करेगा या नहीं, क्योंकि अहम जलमार्ग पर उसका नियंत्रण है। खाड़ी में जहाजों पर फंसे नाविकों को ड्रोन हमलों का खतरा बना हुआ है, वे मानसिक तनाव झेल रहे हैं और उनके पास खाने-पीने जैसी बुनियादी जरूरतों की भी कमी है।

## अमेरिकी विदेश-रक्षा मंत्री के घर के ऊपर संदिग्ध ड्रोन दिखे, इमरजेंसी मीटिंग बुलाई गई



वॉशिंगटन में अमेरिकी सेना के एक अहम बेस के ऊपर संदिग्ध ड्रोन देखे गए हैं। वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ सैन्य बेस फोर्ट लेसली मैकनेयर के अंदर रह रहे हैं। इस मामले की जानकारी रखने वाले तीन लोगों ने बताया कि इन ड्रोन की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और यह भी साफ नहीं है कि वे कहां से आए थे।

एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमलों के कारण सुरक्षा अलर्ट पहले से बढ़ा हुआ है। इसी वजह से सेना संभावित खतरों पर कड़ी नजर रख रही है। पिछले 10 दिनों में एक रात के दौरान फोर्ट लेसली मैकनेयर के ऊपर कई ड्रोन देखे गए, जिसके बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई और व्हाइट हाउस में इस मुद्दे पर इमरजेंसी बैठक भी हुई। इसी बीच अमेरिका ने दुनियाभर में अपने दूतावासों के लिए सुरक्षा चेतावनी जारी की है और देश के अंदर कई सैन्य ठिकानों पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। न्यू जर्सी के जॉइंट बेस मैकग्वायर-डिक्स-लेकहर्स्ट और फ्लोरिडा के मैकडिल एयर फोर्स बेस पर सुरक्षा स्तर बढ़ाकर ह्वचार्लीह्व कर दिया गया है। इसका मतलब होता है कि किसी हमले या खतरे की आशंका है। इससे ऊपर केवल डेल्टा स्तर होता है, जो तब लागू होता है जब हमला हो चुका हो या होने वाला हो। फोर्ट मैकनेयर के ऊपर ड्रोन दिखने के बाद अधिकारियों ने यह भी विचार किया कि क्या रुबियो और हेगसेथ को किसी दूसरी जगह शिफ्ट किया जाए। हालांकि, अभी तक उन्हें वहां से नहीं हटाया गया है।

### 6 महीने पहले लोकेशन का खुलासा हुआ

अक्टूबर में कई मीडिया रिपोर्ट्स में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और विदेश मंत्री मार्को रुबियो के वहां रहने की जानकारी सार्वजनिक हो चुकी थी। आमतौर पर इतने बड़े पदों पर बैठे लोग कहां रहते हैं, यह जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाती, क्योंकि इससे उनकी सुरक्षा को खतरा हो सकता है। ट्रम्प सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी सुरक्षा कारणों से आम सरकारी आवास की बजाय सैन्य ठिकानों में शिफ्ट हो रहे हैं। यह बेस व्हाइट हाउस और कैपिटल हिल के काफी करीब है, इसलिए कामकाज के लिहाज से सुविधाजनक माना जाता है।

# वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में इजराइल दुनिया का 8वां सबसे खुशहाल देश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र ने बुधवार को वर्ल्ड हैपीनेस रिपोर्ट 2026 जारी की है। इसमें लगातार 9वीं बार फिनलैंड को दुनिया का सबसे खुशहाल देश बताया गया है। 147 देशों की सूची में पाकिस्तान 104वें नंबर पर है। वहीं भारत 116वें स्थान पर है। 2025 में भारत की रैंकिंग 118वीं थी। वहीं ढाई साल से जंग में फंसा इजराइल दुनिया का 8वां सबसे खुशहाल देश बताया गया है। लिस्ट में सबसे नीचे संघर्ष वाले देश हैं। अफगानिस्तान फिर से सबसे कम खुशहाल देश रहा, उसके ऊपर सिएरा लियोन और मलावी हैं। इस बार भी कोई भी अंग्रेजी बोलने वाला देश टॉप 10 में नहीं है। अमेरिका 23वें, कनाडा 25वें और ब्रिटेन 29वें स्थान पर हैं। फिनलैंड जैसे देशों की खुशी का कारण अच्छी आर्थिक स्थिति, बराबरी से संसाधनों का बंटवारा, मजबूत वेलफेयर सिस्टम और बेहतर जीवन स्तर है।



# अमेरिकी इंटेलिजेंस चीफ बोलीं- पाकिस्तानी मिसाइलों से अमेरिका को खतरा, रूस-चीन इसी कैटेगरी में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका की खुफिया एजेंसी की प्रमुख तुलसी गबार्ड ने कहा है कि पाकिस्तान ऐसी लंबी दूरी की मिसाइलें बना रहा है जो भविष्य में अमेरिका तक हमला कर सकती हैं।

उन्होंने वॉशिंगटन उढ में एक मीटिंग के दौरान बताया कि आने वाले समय में दुनिया में खतरनाक मिसाइलों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ सकती है। इंटेलिजेंस कम्यूनिटी का आंकलन है कि अभी करीब 3,000 मिसाइलें ऐसी हैं जो अमेरिका तक हमला कर सकती हैं, लेकिन 2035 तक ये बढ़कर 16,000 से ज्यादा हो सकती हैं।


गबार्ड के मुताबिक, रूस, चीन, नॉर्थ कोरिया, ईरान और पाकिस्तान जैसे देश नई-नई मिसाइल तकनीक और हथियार बना रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि पाकिस्तान ऐसी इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल बना सकता है, जो बहुत दूर तक मार कर सकती है। वहीं ईरान भी 2035 से पहले ऐसी मिसाइल बना सकता है। गबार्ड बोलीं- रूस और चीन अमेरिकी मिसाइल डिफेंस सिस्टम भेद सकते हैं गबार्ड ने चीन और रूस को सबसे बड़ा और लगातार खतरा बताया। उनके मुताबिक, ये देश ऐसी उन्नत तकनीक विकसित कर रहे हैं जो अमेरिकी मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भेद सकती हैं। उन्होंने उत्तर कोरिया के साइबर खतरे का भी जिक्र किया और कहा कि 2025 में उसने क्रिप्टोकरेंसी चोरी के जरिए करीब 2 बिलियन डॉलर जुटाए, जिससे उसके हथियार कार्यक्रम को फंड मिला। सुनवाई के दौरान ईरान के साथ संभावित युद्ध और पहले दी गई खुफिया जानकारी पर गबार्ड ने सवालों का सीधा जवाब देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वे आंतरिक चर्चाओं का खुलासा नहीं कर सकतीं।




### गबार्ड के जवाब से डेमोक्रेट नाराज

तुलसी गबार्ड ने रिपब्लिकन राष्ट्रपति को दी गई खुफिया जानकारी के बारे में पूछे गए सवालों को बार-बार टाल दिया। इससे डेमोक्रेट नाराज हो गए। सीनेट खुफिया समिति के शीर्ष डेमोक्रेट, वर्जीनिया के सीनेटर मार्क वार्नर ने गबार्ड से पूछा कि क्या उन्होंने ट्रंप को सलाह दी थी कि अगर ईरान को अमेरिकी हमलों का निशाना बनाया गया तो वह खाड़ी देशों पर हमला करेगा और होर्मूज स्ट्रेट को बंद कर देगा। इस सवाल का भी गबार्ड ने सीधा जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा- मैंने आंतरिक बातचीत का खुलासा नहीं किया है और न ही करूंगी। उन्होंने कहा, मैं यह कहना चाहूंगी कि खुफिया समुदाय में हम सभी राष्ट्रपति को उनके फैसलों में मदद करने के लिए उपलब्ध सभी बेहतरीन वस्तुनिष्ठ खुफिया जानकारी प्रदान करते रहते हैं। बुधवार को अमेरिकी सीनेट में पेश की गई अमेरिकी इंटेलिजेंस कम्यूनिटी की ऐनुअल थ्रेट असेसमेंट रिपोर्ट के मुताबिक भारत और पाकिस्तान के संबंधों में परमाणु युद्ध का खतरा बना हुआ है।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. खटपट, ठनाठनी-4
4. पंजाब की एक नदी-4
6. चित्रकमल, लम्बी गर्दनवाला पशु-3
8. दंड, दम, शामन-3
9. धरा, भूमि-3
11. शासन व्यवस्था, रहस्य-2
13. नवचंद्राकार-5
15. अकेला-2
16. दया, करुणा-3
18. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
19. देवर्षि, देवमुनि-3
20. सब्जी, भाजी-4
22. कुएं पर पानी भरने का चबूतरा-4

### ऊपर से नीचे

1. गुनाह, दोष, जुर्म-3
2. अपराधमुक्त, निवृत्त-2
3. सौत, दूसरी स्त्री-3
4. होशियार, गुणवान-5
5. भूकम्प-4
7. भेद, तुलना-3
10. परिचर्या-5
12. स्वभाव-4
14. स्थित होना-3
17. श्मशान-4
18. गृह, भवन-3
21. जीवन, जीव, स्फूर्ति-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 5 | | 5 | | 5 | | 5 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 2 | | 2 | | 10 | = | 10 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | | 41 | | 2 | | 16 | = | 39 / 33 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ट | र | प | ट | र | थि | क | र | प | इ |
| न | ग | क | म | ई | ड्रे | ने | ह | ति | म | श्त |
| अ | दा | आ | ई | र | र | अं | गा | ह | प | फ |
| हु | ग | ल | मा | ज | व | स | रा | ह | इ | र |
| ब | कम | अ | जु | म | ति | क | र | क | ते | मा |
| ट | अ | कि | र | क | दा | क | नि | ई | श | न |
| स | मा | दे | श | व | था | र | त | म | क | ग |
| आ | दे | श | र | न | प | य | रा | घु | ज | ला |
| अ | दि | ल | वा | ले | दा | र | जा | म | वी | दे |
| र | ज | ति | मा | हि | द | ह | ज | द | ल | र |
| वां | र | ल | प | ठ | इ | आ | ज | त | र | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 1 | | 2 | |
| 3 | 29 | 6 | 37 | | 31 | 1 |
| | 2 | | | 5 | 6 | |
| 5 | 30 | 1 | 30 | 4 | 31 | 6 |
| | 6 | | | | 3 | 2 |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| | 1 | | 5 | | 4 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

एक व्यक्ति दारु पी कर कार चला रहा था अचानक कार एक खम्भे से टकरा गई

पुलिस : बाहर निकल

व्यक्ति : माफ कर दो साहब जी

पुलिस : दारू पी के गाड़ी चलाता है, मुंह खोल

व्यक्ति : अरे नहीं साहब पहले से खूब पी रखी है और कितना पिलाओगे...

00000000

पप्पू समोसे को खोलकर अंदर का मसाला ही खा रहा था।

संजू- अरे! तू पूरा समोसा क्यों नहीं खा रहा?

पप्पू- अरे मैं बीमार हूं न... इसलिए डॉक्टर ने बहार की चीज खाने से मना किया है।

00000000

सोनू बहुत दुखी था... किसी ने पूछा क्यों टेंशन में हो...

सोनू- यार एक दोस्त को प्लास्टिक सर्जरी के लिए 2 लाख रुपए उधार दिए थे। अब उसे पहचान नहीं पा रहा हूं...।

00000000

पत्नी- शादी से पहले तुम मुझे होटल, सिनेमा और न जाने कहां-कहां घुमाते थे... शादी के बाद नहीं ले जाते...

पति- चुनाव के बाद प्रचार देखा है...

00000

डाकू- तुमने मुझे देखा

कलर्क- हां

डाकू ने क्लर्क को गोली मारकर एक आदमी से पूछा- तुमने कुछ देखा...


आदमी- नहीं, पर मेरी पत्नी ने देखा है, साथ में कह रही है पुलिस को भी बताएगी...

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# कमजोर हो चुका ईरान युद्ध लंबा क्यों खींच रहा

# सरेंडर से इनकार, जंग को महंगा बनाकर दुश्मन को झुकाने की कोशिश में जुटा



**ईरान इस समय अब तक के सबसे बड़े खतरे का सामना कर रहा है। इसके बावजूद वह अमेरिका और इजराइल के साथ चल रहे संघर्ष को लंबा खींचने में लगा हुआ है। पिछले कुछ हफ्तों में ईरान को भारी नुकसान हुआ है। उसके कई बड़े नेता और सैन्य कमांड ढांचे के अहम लोग मारे गए हैं। इससे उसकी नेतृत्व व्यवस्था को गंभीर झटका लगा है। ईरान के अंदर भी हालात अच्छे नहीं हैं। लोगों को जरूरी सामान की कमी, बुनियादी ढांचे के नुकसान और सख्त सुरक्षा माहौल झेलना पड़ रहा है। इसके बावजूद ईरान की बची हुई लीडरशिप लगातार आक्रामक बयान दे रही है। वे यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि ईरान लंबे समय तक संघर्ष झेल सकता है। उन्हें और नेताओं के मारे जाने की परवाह नहीं है और वे इस युद्ध को लंबा खींचने के लिए तैयार हैं, चाहे इसका असर पूरे क्षेत्र और दुनिया पर क्यों न पड़े।एक्सपर्ट्स का कहना है कि ईरान का मकसद इस युद्ध में जीत हासिल करना नहीं है। उसका असली मकसद है अपने अस्तित्व को बचाना, दुश्मनों को डराना और ऐसी स्थिति बनाना जिसमें वह युद्ध के बाद की शर्तें तय कर सके।**



# जंग में अकेले पड़े ट्रम्पःनॉटो देश बोले- ये हमारी लड़ाई नहीं



## जंग खत्म करने के लिए हर्जाना चाहता है ईरान

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान से सरेंडर करने को कहा है, लेकिन ईरान खुद को मजबूत स्थिति में दिखा रहा है। वह कह रहा है कि वह इस संघर्ष में टिके रहने में सफल रहा है और अब शांति के लिए अपनी शर्तें रख रहा है। ईरान चाहता है कि युद्ध खत्म होने के बाद क्षेत्र में नई व्यवस्था बनाई जाए। वह युद्ध के नुकसान की भरपाई (मुआवजा) भी मांग रहा है और खाड़ी देशों और अमेरिका के बीच लंबे समय से चले आ रहे रिश्तों में बदलाव चाहता है। ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा कि युद्धविराम तभी संभव है, जब यह सुनिश्चित हो जाए कि दुश्मन दोबारा हमला नहीं करेगा। उनका कहना है कि अगर युद्धविराम से दुश्मन को अपनी ताकत फिर से तैयार करने का मौका मिलता है, जैसे रडार ठीक करना या मिसाइल सिस्टम मजबूत करना तो ऐसा युद्धविराम बेकार है।

## एक्सपर्ट बोले- ईरान जीत नहीं रहा, उसे जीतने की जरूरत भी नहीं

जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर नारगिस बाजोगली का कहना है कि पारंपरिक युद्ध के हिसाब से ईरान जीत नहीं रहा है, लेकिन उसे उसी तरह जीतने की जरूरत भी नहीं है। उसकी रणनीति अलग है। ईरान एक अलग रणनीति अपना रहा है, जिसमें वह युद्ध को इतना महंगा बना देना चाहता है कि सामने वाला देश उसे जारी न रख सके। उनका कहना है कि अमेरिका और खाड़ी देश लंबे समय तक तेल व्यापार में रुकावट और बढ़ती कीमतों को सहन नहीं कर सकते। किसी समय वे कहेंगे कि अब बहुत हो गया और यही दबाव ईरान बनाना चाहता है।

ईरान ने पहले से ही ऐसी स्थिति के लिए तैयारी कर रखी थी। रिवोल्यूशनरी गार्ड ने ऐसे प्लान बनाए थे कि बड़े हमले होने पर छोटे-छोटे यूनिट्स अलग-अलग जगहों से काम कर सकें।

## पुराने अफसरों की मौत, नए अफसर फैसले ले रहे

ईरान कहता है कि वह सिर्फ अमेरिकी हितों को निशाना बना रहा है, लेकिन उसके हमलों में ओमान, यूएई, बहरीन, कुवैत, कतर, इराक और सऊदी अरब में होटल, एयरपोर्ट, ऊंची इमारतें और ऊर्जा फैसिलिटीज भी प्रभावित हुई हैं।

इससे साफ है कि ईरान क्षेत्र में नई ताकत का संतुलन बनाना चाहता है और भविष्य में अपने खिलाफ हमलों को रोकने के लिए डर पैदा करना चाहता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अब क्फ्क्छ में एक नई पीढ़ी के कमांडर सामने आए हैं, जो पहले के नेताओं के मारे जाने के बाद उभरे हैं। इन नए नेताओं ने इराक और सीरिया में ईरान की ताकत का इस्तेमाल होते देखा है और उसी आधार पर वे फैसले ले रहे हैं। ईरान की रणनीति अब यह है कि वह अपनी स्थिरता को पूरे क्षेत्र की स्थिरता से जोड़ दे।




## ईरानी विदेश मंत्री बोले- होर्मुज स्ट्रेट के लिए नया नियम बने

**ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि युद्ध के बाद होर्मुज स्ट्रेट के लिए नया नियम बनाया जाना चाहिए, जिसमें ईरान के हितों को ध्यान में रखा जाए। उन्होंने कहा कि जहाजों की सुरक्षित आवाजाही कुछ खास शर्तों के तहत ही होनी चाहिए।**

विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान आगे चलकर अपने विदेशों में फंसे पैसे को छुड़ाने की मांग कर सकता है या इस समुद्री रास्ते का इस्तेमाल करने वाले देशों से टैक्स भी ले सकता है। गालिबाफ ने साफ कहा कि होर्मुज की स्थिति अब पहले जैसी नहीं रहेगी।

अब ह्ययुद्ध के बाद क्या होगाह्ल इस सवाल पर भी दबाव बढ़ रहा है। दो दशकों तक पश्चिमी देशों और ईरान के बीच बातचीत चलती रही, लेकिन पिछले महीने अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमला कर दिया। इस हमले में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई और देश की सैन्य व प्रशासनिक व्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचा।

इसके जवाब में ईरान ने तेज और लगातार हमले किए। उसने पूरे क्षेत्र में अमेरिका के सहयोगियों पर सैकड़ों मिसाइल और ड्रोन दागे। इससे खाड़ी देशों के साथ उसके रिश्ते और खराब हो गए और ग्लोबल एनर्जी मार्केट पर भी असर पड़ा। खासकर होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों पर हमलों के कारण।

मिडिल ईस्ट से जुड़े मामलों की एक्सपर्ट सिना तूस्सी ने उठठ से कहा कि ईरान चाहता है कि अभी जो दबाव है, उसे बाद में अपने फायदे में बदल सके। वह ऐसी स्थिति चाहता है जहां उसे अलग-थलग या खत्म करने की कोशिश न हो, बल्कि उसे क्षेत्र की स्थिरता का जरूरी हिस्सा माना जाए।

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने मंगलवार को कहा कि ईरान युद्ध हार रहा है। ट्रम्प ने भी कहा कि ईरान की सेना लगभग खत्म हो चुकी है और उसके नेता लगभग हर स्तर पर खत्म कर दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान फिर कभी अमेरिका, उसके सहयोगियों या दुनिया को धमकी न दे सके। लेकिन इसके कुछ ही घंटों बाद ईरान ने 61वीं बार हमला किया, जिसमें इजराइल में एक दंपति की मौत हो गई।

■ वर्ष-12 अंक-135 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 20 मार्च, 2026

### सुभाषितानि

**ऋणं याच्ञ्या च वृद्धत्वं जारचोर दरिद्रता।**
**रोगाश्च भुक्तशेषश्चाप्यष्ट कष्टाः प्रकीर्तिताः।।**

**भावार्थ** : कर्ज, भीख मांगना, बुढ़ापा, विवाहित स्त्री के प्रेम में पड़ना, चोर होना, दरिद्र होना, बीमार होना और बचे हुए भोजन की आवश्यकता इन आठ स्थितियों को बहुत कष्टदायक कहा गया है।

**अधमाः धनमिच्छन्ति धनं मानं च मध्यमाः।**
**उत्तमाः मानमिच्छन्ति मानो हि महताम् धनम्।।**

**भावार्थ** : निम्न वर्ग के लोग केवल पैसा चाहते हैं। एक मध्यम वर्ग का आदमी पैसा और सम्मान दोनों चाहता है। दूसरी ओर, उच्च पद के व्यक्ति के लिए केवल सम्मान होता है। सम्मान से अधिक मूल्यवान।

## सम्पादकीयम्

## कर्म न पर्याप्तम्

अत्र च २०० तः अधिकाः जनाः चिकित्सालये निक्षिप्ताः भवितुम् अभवन्। कर्म न पर्याप्तम्। राज्यसर्वकारेण नगरनिगम-आयुक्ताय कारण-प्रदर्शन-सूचना जारीकृता, अतिरिक्त-नगरपालिका-आयुक्तं इन्दौर-नगरात् निष्कासितम्, अधीक्षक-इञ्जिनीयरस्य उत्तरदायित्वं च अपहृतम् अस्ति। परन्तु एतत् पर्याप्तम् वा? एतादृशाः दिनचर्या क्रियाः उत्तरदायीभ्यः पाठं न शिक्षयन्ति, अपितु पीडितानां उपहासं कुर्वन्ति। उपरितः अधः यावत् सर्वेषां कृते उत्तरदायित्वं निश्चितं भवितुमर्हति। सुधारस्य आवश्यकता अस्ति। इन्दौर-नगरस्य भागीरथपुरा-नगरस्य घटना अपि अत्यावश्यक-नागरिक-सुविधानां अभावं दर्शयति। अद्यत्वे अपि प्रतिलक्षजनसंख्यायां प्रायः ३५ जनाः दूषितपेयजलस्य कारणेन म्रियन्ते। एतत् वैश्विकसरासरीतः प्रायः त्रिगुणं भवति । यद्यपि सर्वकारेण जलजीवनमिशन इत्यादीनि उपक्रमाः आरब्धाः, यत् प्रायः ८१% ग्रामीणगृहेभ्यः नलजलं प्रदत्तम् इति दावान् करोति तथापि अद्यापि महत्त्वपूर्णसुधारस्य आवश्यकता वर्तते आव्हानं केवलं वर्धयिष्यति। भारतेन २०४७ तमवर्षपर्यन्तं विकसितदेशानां पङ्क्तौ सम्मिलितुं लक्ष्यं निर्धारितम्, परन्तु प्रथमं सामान्यजनानाम् मूलभूतानाम् आवश्यकतानां पूर्तिः करणीयः। भारतस्य जनसंख्या २०५० तमे वर्षे १.७ अर्बं यावत् भविष्यति इति अनुमानं भवति, येन जलसम्पदां उपरि अपि अधिकं दबावः भवति। देशस्य जलप्रबन्धनव्यवस्थायां सुधारः करणीयः, एतस्याः आव्हानस्य निवारणं च करणीयम्।

### वकिलाः पुलिसकर्मचारिणः पीडयन्ति, जिलान्यायालये कोलाहलः

# दुराचारेण आक्रोशिताः चतुर्थ पुलिसकर्मचारिणः निलम्बिताः




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

ग्रेटरनोएडानगरस्य सूरजपुरजिल्लान्यायालये वकिलाः विशालविरोधं कृतवन्तः, येन न्यायिककार्यवाही पूर्णतया स्थगितवती। बार-सङ्घस्य आरोपः अस्ति यत् बिस्राख-पुलिसः एकस्य अधिवक्तुः गृहे प्रविश्य न केवलं तस्य परिवारस्य प्रति अशिष्टं व्यवहारं कृतवान् अपितु वकिलस्य बलात् निग्रहे गृहीत्वा पुलिस-स्थाने शारीरिक-आक्रमणं कृतवान्।

वकिलानां आक्रोशः एतावत् वर्धितः यत् ते पुलिसकर्मचारिणः न्यायालयस्य परिसरात् बहिः प्रेषितवन्तः-एषा घटना एकस्मिन् भिडियोमध्ये गृहीता या अधुना सामाजिकमाध्यमेषु वायरल् भवति। वर्धमानं तनावं अवलोक्य प्रशासनेन तत्क्षणमेव चत्वारि पुलिसकर्मचारिणः निलम्बिताः; तथापि वकिलाः अपराधिनां विरुद्धं कठोरकानूनीकायार्णां आग्रहे अडिगाः एव तिष्ठन्ति।

घटनाक्रमानुसारं अपहरणप्रकरणसम्बद्धे वांछितस्य भ्रातुः अन्वेषणार्थं द्वौ दिवसौ पूर्वं वकिलस्य निवासस्थानं प्राप्तम् आसीत् आरोपः अस्ति यत् यदा ते गृहे भ्रातुः स्थानं न ज्ञातवन्तः तदा पुलिसकर्मचारिणः स्वस्य संयमं त्यक्त्वा अधिवक्तुः तस्य परिवारजनानां च दुर्व्यवहारं कृतवन्तः। तदनन्तरं वकिलः पुलिस-स्थानम् नीतः, तत्र भ्रातुः स्थलं प्रकाशयितुं दबावः कृतः, तस्य उपरि यातनाः कृताः इति कथ्यते रविवासरे यदा बार-सङ्घः अस्याः घटनायाः वायुम् आकर्षितवान् तदा वकिलाः पुलिस-स्थानकस्य (कोतवाली) घेरणं कृतवन्तः, तदनन्तरं अधिवक्ता मुक्तः अभवत् वकिलानां मतं यत् व्यावसायिकं वकिलं ठोस आधारं विना निरुद्धय दुर्व्यवहारं कृत्वा कानूनस्य प्रकटं उल्लङ्घनं भवति।

वकिलानां हड़तालस्य, धर्नाविरोधस्य च कारणात् सोमवासरे सूरजपुरन्यायालये न्यायालयस्य सुनवायी पूर्णतया बाधितवती, येन मुकदमदातृणां महती असुविधा अभवत्। वकिलाः स्पष्टं कृतवन्तः यत् ते केवलं सम्बद्धानां कर्मचारिणां निलम्बनेन सन्तुष्टाः न सन्ति तथा च यावत् दोषीपुलिसपदाधिकारिणां विरुद्धं एफआईआर-पञ्जीकरणं न भवति तावत् यावत् आन्दोलनं निरन्तरं करिष्यन्ति। न्यायालयस्य परिसरे सुरक्षास्थितिं, प्रचलितं तनावं च दृष्ट्वा एकं भारी पुलिसबलं नियोजितं, वरिष्ठाः अधिकारिणः च वकिलानां शान्तिं कर्तुं प्रयतन्ते। यदि शीघ्रं न्यायः न प्रदत्तः तर्हि एषः विरोधः वर्धितः अधिकः आक्रामकः परिवर्तनः च भवितुम् अर्हति इति वकिलाः चेतवन्तः।

### पारम्परिकसौन्दर्यस्य

## परिधानं धारयति स्म तस्याः वेषभूषः आधुनिकतायाः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

इदानीं बसन्ति (केसर/पीत) वर्णविषयं पालयित्वा रश्मिका मण्डन्ना हरितपुष्पविन्यासैः अलङ्कृतं हरितवर्णीयं एकस्कन्धं परिधानं धारयति स्म तस्याः वेषभूषः आधुनिकतायाः पारम्परिकसौन्दर्यस्य च अद्वितीयः मिश्रणः इति भासते स्म। रश्मिका अस्य रूपस्य पारम्परिकसुवर्णस्य आभूषणैः सहायकं कृतवती-यत्र माङ्ग टिक्का, झुमका (कुण्डलानि), चूडयः च सन्ति-तस्याः पारम्परिकं तथापि आधुनिकशैलीं अधिकं वर्धयन्। प्रशंसकाः एतस्य रूपस्य अपि बहुधा प्रशंसाम् अकरोत्, तस्याः छायाचित्रं च शीघ्रमेव सामाजिकमाध्यममञ्चेषु वायरल् भवितुं आरब्धम्।

रश्मिका स्वस्य पोस्ट् मध्ये हल्दी समारोहस्य वातावरणस्य विषये अपि विवरणं साझां कृतवती। सा हल्दी-समारोहस्य पार्श्वे एव होली-उत्सवः आचर्यते इव अनुभूयते इति अवलोक्य एतत् आयोजनं जीवन्तं, उत्साहपूर्णं च इति वर्णितवती सा लिखितवती यत् उत्सवेषु सर्वे वर्णैः हल्दीभिः च एतावन्तः सिक्ताः अभवन् यत् तस्याः केशेषु मन्दरक्तवर्णस्य लेशाः अद्यापि विलम्बन्ते एतेन टिप्पण्याः ज्ञायते यत् अयं समारोहः अत्यन्तं विनोदेन, आनन्देन च आयोजितः आसीत्। छायाचित्रेषु एतदपि ज्ञायते यत्, समारोहस्य समये उभौ कलाकारौ नौकायाः माध्यमेन आयोजनस्थलम् आगतवन्तौ, तदनन्तरं ढोलस्य लयात्मकताडनेन (ढोल-नगरास) ऊर्जिततया नृत्यं कृतवन्तौ हल्दीवर्णैः सह लीलापूर्वकं संलग्नाः कलाकाराः तेषां परिवारजनाः च अतिप्रसन्नाः दृश्यन्ते स्म। अस्मिन् समारोहे अनेके मनोरञ्जनक्रीडाः अपि आयोजिताः, येषु रश्मिकायाः।

## अस्मिन् विषये याचिकाकतार्याः पक्षतः तर्कं दत्त्वा अधिवक्ता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

प्रश्नं अपरपक्षे स्वास्थ्यस्य सुरक्षायाश्च विषयेषु स्थापयति। अस्मिन् विषये याचिकाकतार्याः पक्षतः तर्कं दत्त्वा अधिवक्ता आलोक बग्रेजा, विशाल बघेल च तर्कयन्ति स्म यत् कस्यापि व्यक्तिस्य इच्छाविरुद्धे एतादृशे सुविधायां निरोधः कानूनीरूपेण अमान्यः अस्ति तथा च मौलिकानाम् अधिकारानां उल्लङ्घनम् अस्ति। ते न्यायालये अस्य विषये निष्पक्षजागृतेः आदेशं दातुं याचिकाम् अयच्छन्, यदि आरोपाः सत्याः सिद्धाः भवन्ति तर्हि उत्तरदायीणां विरुद्धं कठोरकार्याणि आरभ्यत इति आग्रहं कृतवन्तः। सम्पूर्णं प्रकरणं गम्भीरतापूर्वकं गृहीत्वा उच्चन्यायालयेन अग्रिमसुनवायी मार्चमासस्य २५ दिनाङ्के निर्धारिता अस्ति। न्यायालयेन एतदपि सूचितं यत् अन्वेषणकाले यदि किमपि अनियमितं अधिकारस्य उल्लङ्घनं वा उद्घाट्यते तर्हि सम्बन्धितपक्षेषु कठोरकार्यवाही।

## राशिफल

**मेष** : क्लियरिटी के साथ देखें। करीबियों के साथ अपने कनेक्शन को मजबूत करने के अवसरों की तलाश करें।

**वृषभ** : खुली बातचीत और समझ के साथ अपने रिश्ते को मजबूत करें। तनाव से बचने के लिए फाइनेंशियल मैनेजमेंट पर ध्यान दें।

**मिथुन** : पर्सनल जीवन में उन्नति के अवसर खुद ही सामने आते हैं, लेकिन सोच-समझकर डिसीजन लेने की आवश्यकता होती है।

**कर्क** : आराम करने के लिए समय को प्राथमिकता दें। नई संभावनाओं के लिए खुले रहें, लेकिन डीसीजन लेने में जल्दबाजी न करें।

**सिंह** : हेल्दी रहने के लिए खुद की देखभाल को प्राथमिकता दें। आपको नए रास्ते और अवसर तलाशने के लिए आमंत्रित करता है।

**कन्या** : कुछ लोगों के रिश्तों में थोड़ी-बहुत नोक-झोक हो सकती हैं, जिसे बात-चीत कर आसानी से सुलझाया जा सकता है।

**तुला** : तनाव के लेवल के प्रति सचेत रहकर अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें। आज का दिन नए अवसर और विकास लेकर आएगा।

**वृश्चिक** : रिश्तों में छोटी-मोटी समस्याएं आ सकती हैं लेकिन बात-चीत कर इन दिक्कतों को सुलझाना बेहतर रहेगा।

**धनु** : प्रोफेशनल रूप से, बदलावों के लिए तैयार रहें। यह आपके खर्च और बचत की आदतों पर गौर करने का अच्छा समय है।

**मकर** : सेहत दुरुस्त रहने वाली है। आपको अपने पर्सनल और पेशेवर जीवन में नए आयाम तलाशने के लिए आमंत्रित करता है।

**कुंभ** : लव लाइफ में चल रही उथल पुथल को सुलझाना बेहतर रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में आप अपनी प्रतिभा चमका कसते हैं।

**मीन** : आपकी लव लाइफ में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। आपका पार्टनर आपके लिए कोई सरप्राइज प्लान कर सकता है।

### ज्योतिष/वास्तु

# 21 मार्च से इन 3 राशि वालों के शुरू होंगे अच्छे दिन, शनि करेंगे नक्षत्र गोचर

शनि नक्षत्र गोचर का 12 राशियों पर शुभ-अशुभ प्रभाव पड़ने वाला है। लेकिन इन 3 राशि के लोगों को अच्छे परिणाम मिलने की अधिक संभावनाएं हैं।

सभी ग्रह समय-समय पर नक्षत्र और उसके पद में परिवर्तन करते रहते हैं। इसका असर सभी राशियों पर दिखाई देता है। जल्द शनि भी नक्षत्र परिवर्तन करने वाले हैं। वह 21 मार्च 2026 को उत्तराभाद्रपद नक्षत्र के तीसरे पद में प्रवेश करेंगे। ज्योतिष गणनाओं के अनुसार, शनि कर्मफल दाता ग्रह हैं और वह जब भी नक्षत्र गोचर करते हैं, तो जातकों के करियर-कारोबार, आर्थिक स्थिति, भाग्य, संघर्ष और उसके सामाजिक जीवन पर असर देखने को मिलता है। इस दौरान जहां कुछ राशियों की मुश्किलें बढ़ने लगती हैं, तो वहीं कुछ पर शनि की असीम कृपा भी बनी रहती हैं। इससे धन लाभ, प्रयासों का फल, करियर और नौकरी में मनचाहे रिजल्ट की प्राप्ति होती हैं। आइए इन लकी राशियों के बारे में विस्तार से जानते हैं।



**मिथुन राशि-** मिथुन राशि के जातकों के लिए शनि का यह नक्षत्र परिवर्तन लाभकारी साबित हो सकता है। आपको नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती हैं और भाग्योदय के भी योग बनेंगे। शनि के प्रभाव से आपका समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। मिथुन राशि वालों के लंबे समय से रुके हुए कार्य धीरे-धीरे पूरे होने लगेंगे। कोर्ट के मामलों से राहत मिलेगी। करियर से जुड़े मामलों में भी आपको अच्छे अवसर मिल सकते हैं। इस समय नए लोगों से मुलाकात होगी, जो कोई नया काम करने की इच्छा जागृत होगी।

**सिंह राशि-** सिंह राशि के जातकों के जीवन में इस दौरान सुखद बदलाव देखने को मिल सकते हैं। विवाह मार्ग की बाधाएं दूर होंगी। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लेकर आएगी। साथ ही प्रमोशन के योग का निर्माण होगा। व्यापार में कोई नई तरह की डील हासिल होने की पूरी संभावना है। इस समय सिंह राशि वालों को कर्ज से राहत मिलेगी साथ ही आपको नई जिम्मेदारियां भी मिल सकती हैं। व्यापार से जुड़े लोगों को नए अवसर मिल सकते हैं। मानसिक तनाव कम होगा और सकारात्मक रहने की संभावनाएं बनी रहेंगी।

**मकर राशि-** मकर राशि के जातकों के लिए भी शनि का यह परिवर्तन शुभ संकेत दे रहा है। इस दौरान आपको नए लोगों से मिलने के मौके मिलेंगे। आपको मनचाहा धन लाभ होगा। व्यापार से जुड़े मामलों में भी प्रगति के संकेत मिल रहे हैं। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। यदि आप किसी नई योजना पर काम कर रहे हैं, तो अब लाभ के योग बनेंगे। आर्थिक मामलों में भी स्थिति पहले से बेहतर हो सकती है।

## खबर एक नजर...

### फसल बंटाई को लेकर पिता-पुत्र के बीच हुआ विवाद

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम किशनपुरा में रहने वाले रामसिंह पिता परथी बंजारा 85 साल और उसकी पत्नी धापूबाई बंजारा 80 साल के साथ फसल बंटाई को लेकर पुत्र राधेश्याम और बहू संगीता के साथ मिलकर मारपीट की, दोनों बुजुर्ग माता-पिता पर पथराव भी किया। जिसमें दोनों बुजुर्ग दंपति घायल हो गये। पुलिस ने घायल बुजुर्ग दंपति की शिकायत पर बेटे-बहू के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि रामसिंह और उसकी पत्नी धापूबाई अपने छोटे बेटे के साथ रहते है। खेत से गेहूं की फसल काटी गई है, जिसका हिस्सा बड़े बेटे और उसकी पत्नी द्वारा मांगा जा रहा था। रामसिंह ने हिस्सा देने से मना कर दिया था।

### आटो चालक को रोक बाइक सवार नकाबपोशों ने किया हमला

**उज्जैन।** नगरकोट माता मंदिर के पास रहने वाला धर्मेन्द्र पिता लालचंद्र रायकवार रेलवे स्टेशन से आटो चलता है। रात में वह आटो स्टेशन पर खड़ी कर घर चला जाता है। दोपहर में वह आटो लेकर जा रहा था, गाड़ी अड्डा चौराहा पर ट्राफिक सिग्नल रेड होने पर उसने आटो रोकी। उसी दौरान पीछे से बाइक पर 3 नकाबपोश बदमाश आये और लोहे के पाई पर से धर्मेद्र पर हमला कर दिया। बीच चौराहा मारपीट कर बदमाशों ने आटो में तोड़फोड़ की और धमकाया कि अब रेलवे स्टेशन पर आटो रखा तो जान से मार देगें। घायल आटो चालक धर्मेन्द्र ने मामले की शिकायत कोतवाली थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस जांच में नकाबपोश बदमाशों में से 2 की पहचान अंकित बाथम और गोलू के रूप में हुई है। तीसरे की पहचान के प्रयास किये जा रहे है।

### ढाबे में तोड़फोड़ कर संचालक से की मारपीट

**उज्जैन।** कानीपुरा मार्ग लक्की दरबार ढाबे पर कुछ युवक शराब पीने पहुंचे थे, रात 12.45 का समय होने पर संचालक जितेन्द्र पिता निर्भयसिंह पंवार निवासी उंडासा ने सामान देने से मना कर दिया। इसी बात पर शराब के नशे में धुत्त 4-5 युवकों ने जितेन्द्र के साथ मारपीट करते हुए ढाबे में तोड़फोड़ कर दी। युवक जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। चिमनगंज थाना पुलिस ने ढाबा संचालक की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। मारपीट और तोड़फोड़ करने वालों में 2 युवकों रोहित और राहुल के नाम सामने आये है। जिनकी गिरफ्तारी के बाद उनके अन्य साथियों की जानकारी सामने आ पायेगी। दोनों कानीपुरा मार्ग की कालोनी में रहने वाले बताये जा रहे है।

### व्यापारी की कार चोरी में शाजापुर के कंजरों पर शंका

**उज्जैन।** रत्न एवेन्यू में रहने वाले अनाज व्यापारी की कार सोमवार रात घर के बाहर से चोरी हो गई थी। जो दूसरे दिन कानीपुरा-तराना मार्ग पर जली हालत में मिलना सामने आई थी। चिमनगंज थाना पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे थे। जिसमें 2 बाइक पर पांच बदमाश दिखाई दिये थे। उन्होने लॉक तोड़कर कार चोरी की थी। कार मालिक विकास अग्रवाल के अनुसार कार का स्टेरिंग खराब था, संभवतः इसी के चलते बदमाश उसे ज्यादा दूर नहीं ले जा सके और आग लगाकर भाग निकले। पुलिस के अनुसार बदमाश हुलिये से कंजर गिरोह के होना सामने आया है। जो नैनावद, शाजापुर की ओर भागे है। बदमाशों के भागने वाले रूट पर लगे कैमरे देखने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। सुराग मिलते ही बदमाशों की गिरफ्तारी की जायेगी। बदमाश जिस बाइक से आये थे, वह भी चोरी की प्रतीत हो रही है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 589-2 | 177-5 |
| मेन बाजार | 455-4 | 256-3 |
| मिलन डे | 699-4 | 167-4 |
| मिलन नाइट | 368-7 | 378-8 |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 5 |

# महाकाल मंदिर परिसर में यूपी की मासूम को लगा करंट

## चरक के पीआईसीयू में उपचार, डॉक्टरों ने इंदौर रैफर की कही बात

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाकाल मंदिर में परिसर में गुरूवार शाम उत्तरप्रदेश से माता-पिता के साथ आई 5 साल की मासूम बालिका को करंट लग गया। उसे चरक अस्पताल लाया गया। जहां पीआईसीयू में भर्ती किया, रात 11 बजे बालिका को इंदौर रैफर करने की बात कहीं गई, लेकिन माता-पिता काफी घबराये हुए थे।

उत्तरप्रदेश के गोंडा से राहुल कुमार गुप्ता धार्मिक यात्रा पर पत्नी, 5 साल की बेटी स्वरा और 7 साल के पुत्र के साथ उज्जैन आये थे। जहां होटल में ठहर कर देवदर्शन कर रहे थे। गुरूवार शाम वह महाकाल मंदिर संध्या आरती में पहुंचे थे, आरती के बाद गुप्ता दंपति दोनों बच्चों के साथ वापस होटल जाने के लिये बाहर आये। इस दौरान मंदिर परिसर में सांची पाइंट के पास अचानक 5 साल की मासूम का वहां लगे पोल पर हाथ लग गया, मासूम स्वरा को जोरदार झटका लगा और वह बेहोश हो गई। मां



और पिता ने उसे पोल के पास से खिंचा, इस दौरान मासूम के पैर खरोंच आ गई। मासूम को तत्काल 2 युवकों की मदद से चरक अस्पताल लाया गया। जहां मासूम को पीआईसीयू में भर्ती किया गया, कुछ देर बाद मासूम को होश आ गया था। डॉक्टरों ने ईसीजी किया, माता-पिता काफी घबराये हुए थे। मासूम की हालत में स्थिर थी लेकिन चिंताजनक बनी हुई थी। जिसके चलते रात 10.30-11 बजे के लगभग पीआईसीयू स्टॉफ ने इंदौर रैफर करने की बात कहीं। लेकिन परिवार बाहर का होने और पीआईसीयू में उपचार कराने की बात कहने लगा। रात 12 बजे खबर लिखे जाने तक मासूम चरक अस्पताल के पीआईसीयू में भर्ती थी।

### ड्युटी कम्पाउंडर ने पुलिस को दी सूचना

मासूम स्वरा को मंदिर परिसर में करंट लगने पर चरक अस्पताल लाने के बाद ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा मामले की सूचना महाकाल थाना पुलिस को दी गई। जहां से प्रधान आरक्षक रत्नेश श्रीवास्तव बालिका की स्थिति देखने और परिजनों के बयान लेने चरक अस्पताल पहुंचे। लेकिन पिता अपनी बेटी की स्थिति देख कुछ भी बोलने को तैयार नहीं थे, उन्होने सिर्फ यहीं कहा कि मंदिर परिसर में सांची पाईंट के पास करंट लगा है। वह पुलिस को बाद में बयान देगें।

**पैरों में नहीं थी चप्पल, हुई थी बारिश--** मासूम की मां ने बताया कि वह चार दिन पहले उज्जैन आये थे, शुक्रवार को वापस लौटने की टिकट है। संध्या आरती से बाहर आने पर उनके पैरों में चप्पल नहीं थी। बारिश होने पर परिसर गीला था। बेटी ने पानी मांगा था, वह सांची पाइंट पर पानी की बोतल लेने जा रहे थे, तभी पोल से हाथ लगने पर स्वरा को झटका लगा। घटना बाहर आते समय हुई बताया जा रहा था कि गेट नम्बर 10 है।

**इनका कहना-** बालिका का उपचार चरक अस्पताल में चल रहा है, उसकी हालत ठीक है। माता-पिता से घटना की जानकारी लेकर जांच की जायेगी।

**गगन बादल, थाना प्रभारी महाकाल**

## मेला देखने गये युवक पर चाकू से हमला

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नववर्ष प्रतिपदा पर लगने वाले भैरू महाराज के मेले में गुरूवार शाम विवाद होने पर एक युवक पर कुछ शराब पिये युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। बीच बचाव में आये युवक के भाई और दोस्त के साथ मारपीट की गई। चाकू लगने से घायल युवक को चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है।

भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रूई में नववर्ष प्रतिपदा पर एक दिवसीय भैरू महाराज का मेला आयोजित किया जाता है, जहां शाम को कथा होती है। मेले में ग्राम धुलमहू का रहने वाला पूरन पिता तेजूलाल दाहिमा 21 साल अपने भाई अरूण और दोस्त विकास के साथ पहुंचा था। मेला घूमते समय एक युवक ने पूरन को टल्ला मार दिया। युवक शराब के नशे में था और उसके साथ 7-8 साथी थे। टल्ला लगने पर उनके बीच विवाद हो गया। शराब पिये युवकों में से एक ने चाकू निकाल लिया और पूरन के सिर पर वार कर दिया। भाई अरूण और दोस्त विकास बीच-बचाव करने आये तो हमलावर के साथियों ने उनके साथ लात-घूंसों से मारपीट की शुरू कर दी। मेले में अफरा-तफरी मची तो हमला करने वाला साथियों के साथ भाग निकला। पूरन को लहूलुहान हालत में भाई और दोस्त चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने इमरजेंसी में उपचार करने के बाद वार्ड में भर्ती किया। चाकूबाजी की सूचना ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा भैरवढ़ थाना पुलिस को दी गई है। घायल के अनुसार हमला करने वालों में दीपक और राज बाथम के साथ उनके अन्य साथी थे। जो समीप गांव के रहने वाले है।

# स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर दिया जा रहा था झांसा

## पुलिस ने मारी दबिश, हिरासत में 3 संचालकों से पूछताछ







ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

स्टॉक मार्केट में निवेश का झांसा देकर राशि इंवेस्ट कराकर ठगी को अंजाम देने वाले 3 संचालकों को बड़नगर थाना पुलिस ने हिरासत में लिया है। उनके ठिकाने से 9 कीपेड मोबाइल, 2 कॉपियां, एक रजिस्ट्रर और 2 लेपटॉप जप्त किये गये है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि कस्बे में किराये से स्काय कमोडिटीज प्रायवेट लिमिटेड नाम से ऑफिस संचालित होने की सूचना मिली थी। जहां लोगों को स्टॉक मार्केट में निवेश कर मुनाफे का झांसा देकर ठगी की जा रही थी। सूचना पर एसआई हेमंत कटारे, चांदनी पाटीदार, एएसआई सरदार भगोरा,आरक्षक महेश मौर्या, अजय चौहान, मनोहर मोहरी,ज्योति हाडा के साथ दबिश दी गई। जहां 12 लोग मिले। जिसमें 9 महिला और 3 युवक थे। जिन्हे हिरासत में लिया गया और मौके से मोबाईल, दस्तावेज और लेपटॉप बरामद किये गये। पूछताछ करने पर सामने आया कि उक्त ऑफिस का संचालन श्लोक पिता शैलेन्द्र विकल 28 साल, शास्वत पिता शैलेन्द्र विकल 26 साल निवासी आदर्श नगर उज्जैन और उबैत पिता अफसीन कुरैशी 26 साल निवासी राजा प्रताप मार्ग बदनावर धार द्वारा किया जा रहा है। उनके दस्तावेजों में 4 कॉपियों में मोबाइल नम्बर दर्ज मिले। जिन पर कॉल कर लोगों को



निवेश का झांसा दिया जाता था और मुनाफा होने पर कमीशन काट राशि देने की बात कहीं जाती थी। मामले में तीनों संचालकों के खिलाफ धारा 318 (1), 319 (1), 61 (2), 3 (5) बीएनएस के साथ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66-डी, 72, 72-ए में प्रकरण दर्ज किया गया है।

### महिलाओं को रखा गया था वेतन

थाना प्रभारी के अनुसार ऑफिस से हिरासत में ली गई महिलाओं से पूछताछ में सामने आया कि उन्हे प्रतिमाह 8 से 9 हजार रुपए वेतन पर रखा गया था और लोगों को कॉल कर निवेश के लिये प्रेरित करने के लिये कहा जाता था। थाना प्रभारी के अनुसार सभी महिलाओं को पूछताछ के बाद रिहा किया गया है। संचालकों से पूछताछ जारी है। जिनसे सामने आया कि उन्होने कुछ दिनों पहले ही किराये की जगह लेकर ऑफिस खोला था। तीनों से इस बात की जानकारी जुटाई जा रही है कि अब तक कितने लोगों से निवेश कराया और कितने की धोखाधड़ी की है। मोबाइल और लेपटॉप की जांच के लिये सायबर की मदद ली जायेगी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com